

## गुस्ताखी माफ

राहुल भैया तभी तो, खूब मचाते शोर।
धन की वर्षा हो रही, दोनों पर घनघोर।
दोनों पर घनघोर, अडाणी या अंबानी।
सबसे बड़े अमीर, यही दो हिंदुस्तानी।
कह साहिल कविराय, कौन यूं ही पा जाता।
कुछ है चक्कर यहां, तभी धन दौड़ा आता।

– डॉ. राजेन्द्र साहिल


RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM


# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS





VOL: 11 | ISSUE 216 | THURSDAY 13-08-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com



कबीरा जब हम आये जगत में जग हंसा हम रोए। ऐसी करणी कर चले, हम हंसे जग रोए

## PRAYER MEETING

With profound grief and sorrow we inform the sad demise of our beloved

**Sh. Parveen Garg (Advocate)**

(S/o Late Prabh Dayal Garg, Advocate)
on 11th August, 2026.



## PRAYER MEETING

will be held on **Thursday, 13th August, 2026**
**from 1:00 pm to 2:30 pm at**
**Whistling Wuds, Ferozepur Road, Ludhiana.**

*Grief Stricken*

**Neelu Garg** *(Wife)*

**Shella & Kapil Gupta** *(Daughter-Son in law)*
**Aparna & Anshuel Mohan Garg** *(Daughter-Son in law)*
**Nita Gupta and Adarsh Mangla** *(Sisters)*
**Aimee & Nivya** *(Grand Daughters)*

एक व्यक्तित्व विदा हुआ, एक विरासत हमेशा के लिए छोड़ गया।

## HOMAGE

With profound grief and sorrow we inform the sad demise of our beloved

**Sh. Parveen Garg (Advocate)**

(S/o Late Prabh Dayal Garg, Advocate)
on 11th August, 2026.



**May the Almighty give strength and courage to the bereaved family during this difficult time.**
**May his soul Rest in Peace.**

*Grief Stricken*

**Geeta - Madan Goel** *(Sister & Brother in Law)*
**Aditi - Karan Goel** *( Nephew & Niece in Law)*
**Shruti - Varun Goel** *(Nephew - Niece in Law)*
**Aanchal Goel** *(Niece)*

**KING EXPORTS**

# VVIP सुविधाओं के साथ अपग्रेड हुआ पीएसपीसीएल का गेस्ट हाउस!

लुधियाना/यूटर्न/12 अगस्त। लुधियाना में पहली बार सरकारी गेस्ट हाउस को वीवीआईपी सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। जिसे लेकर शहरवासियों में खुशी का माहौल है। दरअसल, पीएसपीसीएल (पंजाब स्टेट पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड) के फिरोजपुर रोड स्थित मुख्य ऑफिस में मौजूद गेस्ट हाउस को अत्याधुनिक चीजों से लैस किया गया है। हालांकि यह सुविधा किसके लिए की जा रही है, यह अभी तक खुलासा नहीं किया गया है। लेकिन गेस्ट हाउस के आसपास भारी फोर्स भी सुरक्षा में तैनात कर दी गई है। चर्चा है कि गेस्ट हाउस के अंदरुनी वस्तुओं में काफी बदलाव किया गया है। वहीं इसके साथ ही वहां एक हैवी जरनेटर, हॉटलाइन और ट्रांसफार्मर सुविधा भी दी गई है। इस पूरे ताम झाम में करीब तीन करोड़ रुपए खर्च होने की चचाएं हैं। बेशक पीएसपीसीएल की बिल्डिंग के कई कमरों की हालत ठीक नहीं है। लेकिन गेस्ट



हाउस को जरुर अपग्रेड कर दिया गया है। इन सुविधाओं का कारण आने वाले दिनों में सामने आने की उम्मीद है।

**तीन हॉटलाइन लगाई गई...**चर्चा है कि पावरकॉम के गेस्ट हाउस को हाईटैक बनाने का काम कुछ दिन पहले ही शुरू हुआ है। इसके तहत वहां पर तीन हॉटलाइन लगाई गई हैं। इसी के साथ साथ वहां पर एट ट्रांसफार्मर मौजूद होने के बावजूद एडिशनल ट्रांसफार्मर लगाया गया है, ताकि वहां किसी भी तरीके की समस्या न आए। वहीं हाई क्वालिटी बेस्ड एडिशनल ट्रांसफार्मर सैट किया गया है।

**एक जनरेटर भी रखा गया, तीन करोड़ खर्च का अनुमान...**वहीं इसी के साथ साथ एक जनरेटर भी रखा गया है। जिसका कनेक्शन गेस्ट हाउस से किया गया है। यह जनरेटर 125केवीए पॉवर का है। चर्चा है कि इस पूरे सैटअप में करीब तीन करोड़ रुपए का खर्च किया गया है। अब यह सैटअप किस लिए तैयार किया गया, यह बिजली विभाग के स्थानीय अधिकारी सही बता सकते हैं।

**कैबिनेट, सीएम व केंद्रीय मंत्री के लेवल की डेवलपमेंट...**चर्चा है कि इस गेस्ट हाउस में पावरकॉम के चेयरमैन, विधायक व अन्य नेता आते हैं। लेकिन अब इसे कैबिनेट रैंक, सीएम व केंद्रीय मंत्री के लेवल तक डेवलप किया गया है, यानि कि जो सुविधा उन्हें मिलती है, वे सभी सुविधाएं इसमें शामिल की गई हैं। हालांकि इस पूरे मामले को सीक्रेट रखा गया है।

**सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध...**वहीं चर्चा है कि गेस्ट हाउस की डेवलपमेंट को पूरी तरह से गुप्त रखा गया है। वहां पर सुरक्षा कर्मी तैनात किए गए हैं। जिनकी और से लगातार निगरानी की जा रही है। वहीं चर्चा है कि किसी आम व्यक्ति को वहां जाने की परमीशन नहीं है। सुरक्षा कर्मियों से मंजूरी के बाद ही गेस्ट हाउस में प्रवेश किया जा सकता है।

# न्यूजीलैंड भेजने के नाम पर 8.50 लाख की ठगी, फर्जी वीजा दिखाकर ऐंठे रुपये

मोहाली/यूटर्न/12 अगस्त। न्यूजीलैंड का वर्क वीजा लगवाने के नाम पर एक व्यक्ति से 8.50 लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। आरोपी इमीग्रेशन एजेंट ने पहले ऑनलाइन पोर्टल पर वीजा आने का फर्जी स्टेटस दिखाकर पीड़ित से आठ लाख रुपये नकद लिए और बाद में विदेश में खर्च के लिए डॉलर देने के नाम पर 50 हजार रुपये और ऐंठ लिए। इसके बाद आरोपी ने फोन बंद कर दिया और ऑफिस से भी फरार हो गया। जांच के बाद थाना सोहाना पुलिस ने आरोपी गुरजंट सिंह उर्फ राजवीर सिंह निवासी कुराली और उसके साथियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 316(2), 318(4) व पंजाब प्रोफेशन ट्रैवल एक्ट की धारा 13 के तहत केस दर्ज किया है।

पीड़ित कुशल निवासी बहादुरपुर होशियारपुर ने 19 नवंबर 2025 को एसएसपी मोहाली को शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार उसके दोस्त नरेश जिंदल के पास पहले कुलदीप सिंह नामक व्यक्ति का फोन आया था, जिसने न्यूजीलैंड का वर्क वीजा लगवाने की पेशकश की थी। रेट अधिक होने के कारण उन्होंने उसकी सेवा लेने से मना कर दिया। इसके बाद 8 सितंबर 2025 को राजवीर सिंह ने नरेश जिंदल से संपर्क किया और कहा कि उसका नंबर उसे कुलदीप सिंह ने दिया है। उसने कम रेट में न्यूजीलैंड का वीजा लगवाने का भरोसा दिया।





## *पहले बलौंगी थाने भेजी गई थी शिकायत*

*पुलिस जांच रिपोर्ट में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने की सिफारिश की गई थी। इसके बाद शिकायत थाना बलौंगी भेजी गई, लेकिन वहां से रिपोर्ट दी गई कि घटना का क्षेत्र थाना सोहाना के अंतर्गत आता है। एसएसपी हरमनदीप हंस के निर्देश पर शिकायत थाना सोहाना भेजी गई। इसके बाद थाना सोहाना पुलिस ने गुरजंट सिंह उर्फ राजवीर सिंह और उसके साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की आगे की जांच एएसआई बलजिंदर सिंह को सौंपी गई है।*

# सरकारी रकम के गबन में पीडब्ल्यूडी के तत्कालीन एक्सईएन को 3 साल की सजा

**मोहाली/यूटर्न/12 अगस्त। सरकारी रकम के गबन के मामले में मोहाली की स्पेशल कोर्ट ने पीडब्ल्यूडी (बी एंड आर) मानसा के तत्कालीन एग्जीक्यूटिव इंजीनियर (एक्सईएन) जोगिंदर सिंह को दोषी करार देते हुए तीन साल की कठोर कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने उस पर 50 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना जमा नहीं करने पर दोषी को 30 दिन की अतिरिक्त कठोर कैद भुगतनी होगी। अदालत ने रिकॉर्ड और बैंक लेनदेन की जांच के बाद पाया कि सरकारी रकम को कई बैंक खातों और एफडीआर के जरिए ट्रांसफर करते हुए अंत में आरोपी और उसकी पत्नी के निजी खाते में पहुंचाया गया। इसके बाद रकम का इस्तेमाल निजी खर्च और सोना खरीदने में किया गया।**




## 56.79 लाख रुपये मुआवजे की रकम थी

मामला मानसा के गांव पेरू में पीडब्ल्यूडी की जमीन के अधिग्रहण से जुड़ा है। यह जमीन तलवंडी साबो थर्मल पावर प्रोजेक्ट के लिए अधिग्रहित की गई थी। जमीन के मुआवजे के रूप में लैंड एक्विजिशन कलेक्टर-कम-एडीसी मानसा के खाते से 56.79 लाख रुपये का चेक जारी हुआ था। यह रकम पीडब्ल्यूडी (बी एंड आर) के तत्कालीन एग्जीक्यूटिव इंजीनियर के सरकारी खाते में जमा हुई थी। कोर्ट के रिकॉर्ड के मुताबिक इस रकम को सरकारी ट्रेजरी में जमा किया जाना था। आरोप था कि जोगिंदर सिंह ने रकम सरकारी खजाने में जमा कराने के बजाय दिसंबर 2008 में करीब 56 लाख रुपये की एफडीआर बनवा दी। बाद में दो डिमांड ड्राफ्ट रद्द होने से 2.07 लाख रुपये और खाते में आए, लेकिन इन रकमों की कैश बुक में एंट्री नहीं की गई। ब्याज जुड़ने के बाद जून 2009 तक रकम बढ़कर करीब 61.13 लाख रुपये हो गई।


## सरकारी खाते से दूसरे खाते में ट्रांसफर कर बनाई एफडीआर

15 जुलाई 2009 को 61.13 लाख रुपये दूसरे बैंक के सरकारी खाते में ट्रांसफर किए गए। अगले दिन इस रकम की भी एफडीआर बना दी गई। पहले इसे 240 दिन के लिए रखा गया और बाद में इसकी अवधि बढ़ाई गई। अगस्त 2011 में एफडीआर को समय से पहले भुनाया गया। उस समय ब्याज समेत रकम करीब 69.49 लाख रुपये हो चुकी थी। इसके बाद 4.50 लाख रुपये नकद निकाले गए, जबकि करीब 64.90 लाख रुपये का चेक जोगिंदर सिंह और उसकी पत्नी कमलजीत कौर के नाम से संचालित निजी एचडीएफसी बैंक खाते में ट्रांसफर किया गया।

# चार साल से ज्यादा इंतजार के बाद खरीदार को राहत, तीन माह में ब्याज समेत पजेशन देगा बिल्डर

**न्यू चंडीगढ़ के द एड्रेस हाउसिंग प्रोजेक्ट का मामला, रेरा ने मार्च 2022 से कब्जा मिलने तक एमसीएलआर+2 फीसदी की दर से ब्याज देने का दिया आदेश**

**मोहाली/यूटर्न/12 अगस्त। न्यू चंडीगढ़ स्थित द एड्रेस हाउसिंग प्रोजेक्ट में फ्लैट का कब्जा मिलने का चार साल से ज्यादा समय से इंतजार कर रही महिला खरीदार को पंजाब रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) ने राहत दी है। रेरा ने बिल्डर एड्रेस इंफ्रास्ट्रक्चर्स प्राइवेट लिमिटेड को आदेश दिया है कि वह देरी की अवधि के लिए खरीदार को ब्याज का भुगतान करे और ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट (ओसी) व कंप्लीशन सर्टिफिकेट (सीसी) प्राप्त करने के बाद तीन माह के भीतर फ्लैट का वैध कब्जा सौंपे। रेरा सदस्य-2 अरुणवीर वशिष्ठ की बेंच ने शिकायतकर्ता दुर्गा ठाकुर की शिकायत पर यह आदेश पारित किया। शिकायतकर्ता ने वर्ष 2020 में प्रोजेक्ट में 3 बीएचके फ्लैट बुक कराया था। बिल्डर को नवंबर 2021 तक फ्लैट का कब्जा देना था। खरीदार के अनुसार उसने फ्लैट की कीमत के तौर पर करीब 43.40 लाख रुपये का भुगतान कर दिया, लेकिन तय समय बीतने के बाद भी कब्जा नहीं दिया गया।**




**मार्च 2022 से मिलेगा ब्याज...**रेरा ने माना कि खरीदार परियोजना से बाहर निकलने के बजाय फ्लैट का कब्जा चाहती है। ऐसी स्थिति में कब्जा मिलने तक देरी की अवधि के लिए ब्याज देने का प्रावधान है। आदेश के अनुसार बिल्डर को मार्च 2022 से वास्तविक और वैध कब्जा मिलने तक एसबीआई की उच्चतम एमसीएलआर दर से 2 प्रतिशत अधिक की दर से ब्याज का भुगतान करना होगा। रेरा ने बिल्डर को ओसी और सीसी प्राप्त करने के बाद तीन महीने के भीतर फ्लैट का वैध कब्जा सौंपने का भी निर्देश दिया है।

## बिल्डर ने भुगतान में देरी और कोविड को बताया कारण

सुनवाई के दौरान बिल्डर की ओर से दलील दी गई कि खरीदार ने समय पर भुगतान नहीं किया था। साथ ही कोविड-19 महामारी के कारण निर्माण कार्य प्रभावित होने की बात कही गई। हालांकि रेरा के समक्ष इन दावों के समर्थन में पर्याप्त दस्तावेज पेश नहीं किए जा सके। प्राधिकरण ने विशेष रूप से यह पाया कि बिल्डर की ओर से ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट और कंप्लीशन सर्टिफिकेट रिकॉर्ड पर प्रस्तुत नहीं किए गए। ऐसे में परियोजना के समय पर पूरा होने और फ्लैट को कब्जे के लिए तैयार होने का दावा प्रमाणित नहीं हुआ।

## आदेश की मुख्य बातें

- नवंबर 2021 तक देना था फ्लैट का कब्जा।
- खरीदार ने करीब 43.40 लाख रुपये का भुगतान किया।
- रेरा ने कब्जे में देरी के लिए बिल्डर को जिम्मेदार माना।
- मार्च 2022 से कब्जा मिलने तक एमसीएलआर+2 फीसदी की दर से ब्याज देना होगा।
- ओसी और सीसी मिलने के तीन माह के भीतर वैध कब्जा देना होगा।
- आदेश का पालन न होने पर रिकवरी सर्टिफिकेट जारी किया जा सकता है।

## *आदेश नहीं माना तो जारी होगा रिकवरी सर्टिफिकेट*

*प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि आदेश का पालन नहीं करने की स्थिति में खरीदार के पक्ष में देय राशि की वसूली के लिए रिकवरी सर्टिफिकेट जारी किया जा सकता है। इस आदेश से लंबे समय से पजेशन का इंतजार कर रही खरीदार को ब्याज के साथ फ्लैट मिलने का रास्ता साफ हुआ है।*

RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 216 | THURSDAY 13-08-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## जीरकपुर में ट्राला से टकराई एक्टिवा, जिम्बाब्वे के युवक की मौत

जीरकपुर/यूटर्न/12 अगस्त। जीरकपुर में सड़क हादसे में जिम्बाब्वे निवासी 24 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसा पहलवान ढाबे के पास हुआ, जहां एक्टिवा सड़क किनारे खड़े एक ट्राला से टकरा गई। मृतक की पहचान ऑनवर्ड मासिम्बा न्जांजी निवासी जिम्बाब्वे के रूप में हुई है। जीरकपुर पुलिस ने अज्ञात ट्राला चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दिए बयान में मृतक के दोस्त मिल्टन कुरंगवा ने बताया कि नौ अगस्त की सुबह करीब छह बजे ऑनवर्ड मासिम्बा न्जांजी अपने दोस्त अर्नोल्ड मिलोस की एक्टिवा लेकर निजी काम से जीरकपुर गया था।

जन हितैषी यूटर्न टाइम PRESENTS
PUNJAB'S BIGGEST RECOGNITION FOR YOUNG ENTREPRENEURS
WESTERN LIVING PVT. LTD.
YEA 2026
YOUNG ENTREPRENEUR AWARDS
POWERED BY RALSON TYRES
IN ASSOCIATION WITH kothari marbles
FOR MORE DETAILS, CONTACT:
+91-99153-61166
+91-95690-30002
+91-99882-20063
janhetaishiuturntimesevents@gmail.com
VENUE: NIRVANA LUXURY HOTEL, LUDHIANA

# TDI के खिलाफ फूटा ग्राहकों का गुस्सा, PR-6 पर GAMADA के बाहर 100 परिवारों का प्रदर्शन



मोहाली/यूटर्न/12 अगस्त। PR-6 सड़क को लेकर मोहाली में एक बार फिर विरोध तेज हो गया। कमेटी ऑफ रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशंस एंड सोसाइटीज (CORWAS) के बैनर तले 100 से ज्यादा निवासी और विभिन्न रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों के प्रतिनिधि GMADA के मुख्य प्रशासक कार्यालय के बाहर पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने TDI Infratech को किसी भी तरह की नई मंजूरी, रियायत या अतिरिक्त समय देने का विरोध किया।

### 'गलती बिल्डर की तो खामियाजा निवासी क्यों भुगतें?'

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि यदि बिल्डर की ओर से कोई कथित गलत कार्रवाई या धोखाधड़ी हुई है, तो उसकी जिम्मेदारी बिल्डर और संबंधित लोगों की तय होनी चाहिए। इसका असर उन हजारों निवासियों पर नहीं पड़ना चाहिए, जिन्होंने अपनी मेहनत की कमाई परियोजनाओं में लगाई है।

### TDI को और रियायत नहीं देने की मांग

बैठक में CORWAS ने मांग रखी कि PR-6 से जुड़े लंबित मामलों के बीच TDI Infratech को कोई और मंजूरी, विस्तार या रियायत नहीं दी जाए। साथ ही परियोजनाओं की implementation period आगे नहीं बढ़ाने की मांग भी की गई।

### कई घंटे इंतजार के बाद भड़का विरोध

CORWAS के मुताबिक, प्रतिनिधिमंडल सुबह करीब 10:15 बजे GMADA कार्यालय पहुंचा था। अधिकारियों से मुलाकात के लिए काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। बताया गया कि मुख्य प्रशासक NGT की वीडियो कॉन्फ्रेंस में व्यस्त हैं। इसके बाद भी इंतजार जारी रहा। दोपहर करीब 12 बजे तक बड़ी संख्या में निवासी, जिनमें बुजुर्ग भी शामिल थे, कार्यालय के बाहर मौजूद रहे। इसके बाद निवासी सचिव, हाउसिंग के कार्यालय पहुंचे और अपनी मांगें रखीं। विरोध शुरू होने के बाद मुख्य प्रशासक ने प्रदर्शनकारियों से मुलाकात की।

### 19 अगस्त को फिर होगी बैठक

- बैठक के अंत में GMADA के मुख्य प्रशासक ने CORWAS और निवासियों के प्रतिनिधियों के साथ 19 अगस्त को दोबारा बैठक करने का आश्वासन दिया। CORWAS ने चेतावनी दी कि अगर TDI को आगे कोई मंजूरी, विस्तार या रियायत दी गई तो निवासी बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे। संगठन ने संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सक्षम अधिकारियों के समक्ष शिकायत दर्ज कराने की भी बात कही है।

### करीब 6 करोड़ के आरोपों की जांच की मांग

- CORWAS ने PR-6 के लिए भूमि अधिग्रहण से जुड़ी करीब 6 करोड़ रुपये की कथित अनियमितता की जांच की मांग दोहराई। संगठन ने कहा कि आरोप सही पाए जाने पर TDI और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ FIR समेत उचित कार्रवाई होनी चाहिए।

## पंजाब गवर्नर ने जगतार हवारा के पैरोल की सिफारिश की, सीएम के बाद रवनीत बिट्टू भी मिले

मोहाली/यूटर्न/12 अगस्त। पंजाब के पूर्व सीएम बेअंत सिंह हत्याकांड में दोषी जगतार सिंह हवारा की पैरोल को लेकर सियासत पूरी तरह गर्मा गई है। सीएम भगवंत मान की सिफारिश के बाद पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने गवर्नर गुलाब चंद कटारिया से मुलाकात कर हवारा की पैरोल मांगी है। बड़ी बात है यह कि रवनीत बिट्टू के ही दादा बेअंत सिंह की हत्या के जुर्म में हवारा जेल की सजा काट रहा है। इनकी सिफारिश के बाद गवर्नर कटारिया ने भी केंद्रीय होम मिनिस्ट्री से हवारा की पैरोल की सिफारिश की है। इसके बाद हवारा की 1 दिन की पैरोल मंजूर हुई है। हालांकि, सूत्र बताते हैं कि हवारा ने एक दिन की पैरोल के लिए इनकार कर दिया है। वह 10 दिन की ही पैरोल पर अड़े है। सीएम भगवंत मान ने कहा कि पंजाब सरकार इस बात की गारंटी लेती है कि इससे कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब नहीं होगी।



### पंथ में आप की बढ़ेगी लोकप्रियता

एक्सपर्ट के मुताबिक, हवारा की पैरोल के मामले में आप पार्टी का पंथ में कद काफी उच्चा हो जाएगा। इससे पार्टी को फायदा मिलेगा। पंथक लोगों में पार्टी की लोकप्रियता और बढ़ेगी। सरकार की ओर से पैरोल के लिए सिफारिश करना और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की गारंटी देना पंथक वर्ग के बीच सकारात्मक संदेश देने की कोशिश मानी जा रही है। इस बीच रवनीत सिंह बिट्टू ने जगतार सिंह हवारा को पैरोल देने की मांग है। इसको लेकर वह गुलाबचंद कटारिया को मिले।



# फेज-7 में बच्चों की संदिग्ध टोली से दहशत, घरों के बाहर रेकी के बाद चोरी का आरोप

## तीन बच्चे सीसीटीवी में नजर आए, एक घर में घुसता तो दो बाहर से रखते हैं नजर, पुलिस ने फुटेज के आधार पर जांच का भरोसा दिया

मोहाली/यूटर्न/12 अगस्त। शहर में चोरी और स्नैचिंग की घटनाओं के बीच फेज-7 के रिहायशी इलाके में बच्चों की एक संदिग्ध टोली ने स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ा दी है। लोगों का आरोप है कि तीन बच्चे सुबह के समय घरों के बाहर घूमकर पहले रेकी करते हैं और मौका मिलने पर घरों में दाखिल होकर साइकिल व अन्य सामान चोरी कर लेते हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, फेज-7 में तीन अलग-अलग स्थानों से साइकिल चोरी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इन घटनाओं में बच्चों के शामिल होने का संदेह जताया जा रहा है। स्थानीय समाजसेवी टिंकू आनंद के अनुसार, कई घटनाएं घरों के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हुई हैं। पुलिस को शिकायतों के साथ फुटेज भी उपलब्ध कराई गई है। फुटेज में तीन बच्चे इलाके में घूमते दिखाई दे रहे हैं। लोगों के मुताबिक, इनमें से एक बच्चा घर के अंदर जाकर सामान या साइकिल लेकर आता है, जबकि दो बच्चे आसपास खड़े रहकर निगरानी करते हैं।



### पहले रेकी, फिर मौका मिलते ही वारदात

स्थानीय लोगों का कहना है कि बच्चे पहले इलाके में चक्कर लगाते हैं और घरों के बाहर खड़ी साइकिलों तथा अन्य सामान पर नजर रखते हैं। इसके बाद मौका मिलने पर चोरी की वारदात को अंजाम देकर वहां से निकल जाते हैं। लोगों के अनुसार, कुछ घटनाएं सुबह के समय हुई हैं। लगातार सामने आ रही घटनाओं के कारण रिहायशी क्षेत्र में रहने वाले लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ रही है।

### फेज-3बी1 में वेरका बूथ का शटर तोड़कर चोरी

कुछ दिन पहले फेज-3बी1 के रोज गार्डन स्थित वेरका बूथ को भी चोरों ने निशाना बनाया था। शिकायत के मुताबिक, चोर बूथ का शटर तोड़कर करीब नौ हजार रुपये नकद के अलावा छह किलो देसी घी, बिस्किट, चिप्स और चॉकलेट ले गए। आरोपियों ने बूथ के बाहर लगा सीसीटीवी कैमरा भी तोड़कर अपने साथ ले जाने का प्रयास किया। घटना की शिकायत के साथ पुलिस को सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध कराई गई है।

### पुलिस बोली- फुटेज के आधार पर होगी पहचान

थाना मटौर के एसएचओ अमनदीप सिंह ने बताया कि वेरका बूथ में चोरी की शिकायत मिली है और मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों की पहचान कर उन्हें काबू करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि फेज-7 में साइकिल चोरी की घटनाओं की जानकारी फिलहाल पुलिस के पास नहीं है। इन शिकायतों के बारे में भी जानकारी जुटाई जाएगी। सीसीटीवी फुटेज और अन्य तथ्यों के आधार पर संदिग्धों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

# गुरु की आज्ञा का पालन करने से ही होती है प्रभु की प्राप्ति : संत गौरदास जी महाराज



लुधियाना/यूटर्न/12 अगस्त। सिविल लाइन स्थित श्री सिद्ध पीठ श्री दंडी स्वामी मंदिर में श्री राधा गोविंद सरकार एवं श्री दंडी स्वामी महाराज जी की असीम कृपा, आशीर्वाद एवं शुभ इच्छा से आयोजित सात दिवसीय श्री भक्तमाल कथा के छठे दिन बुधवार को श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से कथा का श्रवण किया। कथा का आयोजन पं. श्री राज कुमार शर्मा जी की अध्यक्षता में किया जा रहा है। वृंदावन से पधारे राष्ट्रीय संत परम श्रद्धेय श्री गोरदास जी महाराज ने कथा के दौरान भक्त नारद जी की अद्भुत कथा सुनाते हुए कहा कि भजन और उपासना मनमुखी नहीं, बल्कि गुरुमुखी होनी चाहिए। अर्थात गुरुजी जैसा आदेश दें, हमें उसी के अनुसार कार्य करना चाहिए। यदि गुरुजी माला करने का आदेश दें तो माला के माध्यम से प्रभु की प्राप्ति होगी और यदि गुरुजी नाली साफ करने के लिए कहें तो निष्काम भाव से उनकी आज्ञा का पालन करने पर नाली साफ करने में भी प्रभु की प्राप्ति हो जाएगी। उन्होंने कहा कि जिस पत्थर को जितना अधिक तराशा जाता है और जितनी अधिक चोट पड़ती है, उसकी कीमत उतनी ही बढ़ती जाती है। इसी प्रकार गुरु द्वारा दी गई सीख और परीक्षाएं भक्त के जीवन को निखारती हैं।महाराज जी ने बताया कि प्रथम बार जब नारद जी को ब्रह्मा जी ने सृष्टि का विस्तार करने के लिए कहा तो नारद जी ने रूखे भाव से यह कहते हुए मना कर दिया कि वह यह कार्य नहीं करेंगे। ब्रह्मा जी नारद जी के गुरु भी थे और पिता भी। गुरु की आज्ञा का पालन न करने के कारण नारद जी को तीन अलग-अलग जन्म लेने पड़े।

# नशे को ना, हुनर को हां! युवाओं के लिए CM सैनी का बड़ा संदेश

चंडीगढ़/यूटर्न/12 अगस्त। अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर पंचकूला में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने युवाओं को लेकर सरकार की प्राथमिकताएं गिनाई। उन्होंने कहा कि युवा सिर्फ देश का भविष्य नहीं, बल्कि आज की सबसे बड़ी ताकत हैं।



मुख्यमंत्री ने एचआईवी-एड्स जागरूकता अभियान की शुरूआत करते हुए समाज से बीमारी नहीं, बल्कि बीमारी से जुड़े भेदभाव के खिलाफ लड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि एचआईवी से पीड़ित व्यक्ति से दूरी बनाना अज्ञानता है। जागरूकता और सही जानकारी से ही इस लड़ाई को जीता जा सकता है।

युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश देते हुए सैनी ने कहा कि जिस हाथ में हुनर होना चाहिए, उसमें नशे की सुई नहीं होनी चाहिए। उन्होंने युवाओं को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़ने पर भी जोर दिया। एआई, रोबोटिक्स, ड्रोन, डिजिटल तकनीक और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में कौशल विकसित करने के लिए प्रशिक्षण पर फोकस किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की आईटीआई को करीब 3 हजार करोड़ रुपये की लागत से अपग्रेड किया जा रहा है। साथ ही युवाओं को नौकरी तलाशने के बजाय रोजगार देने वाला बनने की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। सरकार की एमएसएमई नीति का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले पांच वर्षों में 55 हजार करोड़ रुपये से अधिक निवेश और 5 लाख से ज्यादा रोजगार पैदा करने का लक्ष्य रखा गया है।

# 13 अगस्त को पंजोखरा साहिब में जुटेगी सिख संगत, घटना को लेकर आगे की रणनीति पर होगा मंथन

अंबाला/यूटर्न/12 अगस्त। कल देर शाम एसपी से मुलाकात के बाद सिख नेताओं ने मौजूदा परिस्थितियों को लेकर 13 अगस्त को गुरुद्वारा श्री पंजोखरा साहिब में विशाल सिख संगत एकत्रीकरण आयोजित करने का निर्णय लिया है। यह इकठ वीरवार सुबह 11 बजे होगा। आयोजकों ने समस्त सिख संगत से बड़ी संख्या में पहुंचने की अपील की है। कमेटी ने बताया कि 7 अगस्त को श्री गुरु हरिकृष्ण साहिब जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुद्वारा साहिब में बड़ी संख्या में संगत पहुंची थी। कमेटी के अनुसार, गरसिमरन सिंह मंड अपने सुरक्षा कर्मियों के साथ गुरुद्वारा पहुंचे और कथित तौर पर पैदल संगत के लिए निर्धारित मार्ग पर वाहन लेकर चले गए। सेवादारों द्वारा रोकने पर कथित रूप से विवाद हुआ। आयोजकों के अनुसार, 13 अगस्त को होने वाले इकठ का मुख्य उद्देश्य मौजूदा परिस्थितियों को लेकर संगत के साथ विचार-विमर्श करना और आगे की रणनीति एवं कार्रवाई पर सामूहिक निर्णय लेना है। इस दौरान संगत के विभिन्न सदस्यों से विचार एवं सुझाव लिए जाएंगे तथा परिस्थितियों के अनुसार आगामी कदमों पर चर्चा की जाएगी।

# फरीदाबाद की ग्लोबल सिटी में बनेगा आइकॉनिक टावर, पिंजौर एयरस्ट्रिप का होगा विस्तार

चंडीगढ़/यूटर्न/12 अगस्त। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने फरीदाबाद की ग्लोबल सिटी में विश्व स्तर का आइकॉनिक टावर बनाने की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही पिंजौर की हवाई पट्टी के विस्तार की योजना भी बनाई जाएगी।

राज्य प्रगति पोर्टल की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने ग्लोबल सिटी में बिजली, पानी और अन्य मूलभूत सुविधाओं का काम अगले तीन महीने में पूरा करने के निर्देश दिए। करीब 1000 एकड़ में विकसित हो रही इस ग्लोबल सिटी पर 1000 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं और 80 प्रतिशत भौतिक कार्य पूरा हो चुका है। बाकी काम दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य है। ग्लोबल सिटी में शिक्षण संस्थान, अस्पताल, मॉल, थिएटर, लग्जरी होटल और मैरिज पैलेस जैसी सुविधाएं होंगी। इसे नमो भारत मेट्रो और द्वारका एक्सप्रेसवे से जोड़ने की योजना है। वहीं, पंचकूला के यादविंद्रा गार्डन में 100 कमरों का फाइव स्टार होटल बनाने और टिक्करताल में एडवेंचर पार्क विकसित करने की भी योजना है। नांगल चौधरी लॉजिस्टिक हब में 23 अगस्त से विशेष ट्रेन चलेगी, जबकि हिसार के इंडस्ट्रियल मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर में भी बड़े स्तर पर औद्योगिक ढांचा विकसित किया जा रहा है।



यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India



पेज 12 जगरांव सिविल अस्पताल में नशा मुक्ति सेवाओं को...

# जांच पैनल: जस्टिस यशवंत वर्मा अपने घर में मिले भारी कैश के बारे में संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए



चंडीगढ़/यूटर्न/12 अगस्त। इलाहाबाद हाई कोर्ट के पूर्व जज यशवंत वर्मा मार्च 2025 में दिल्ली स्थित अपने सरकारी आवास पर लगी आग के बाद वहां मिली भारी मात्रा में नकदी के बारे में संतोषजनक स्पष्टीकरण देने में विफल रहे। यह बात उनके खिलाफ आरोपों की जांच करने वाले पैनल की रिपोर्ट में सामने आई है। सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस अरविंद कुमार की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय समिति ने मई में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को अपनी रिपोर्ट सौंपी। वर्मा के सरकारी आवास पर जले हुए और आंशिक रूप से जले हुए नोट मिलने के बाद उनके खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही शुरू होने पर यह पैनल गठित किया गया था।

यह विवाद 14 मार्च, 2025 को दिल्ली में वर्मा के सरकारी आवास के एक स्टोररूम में आग लगने के बाद शुरू हुआ। घटना के बाद, कथित तौर पर मौके पर भारी मात्रा में नोट मिले, जिनमें जले हुए और आंशिक रूप से जले हुए नोट भी शामिल थे। वर्मा उस समय दिल्ली हाई कोर्ट के जज थे और बाद में उनका तबादला इलाहाबाद हाई कोर्ट में कर दिया गया था। इससे पहले हुई एक आंतरिक जांच में यह निष्कर्ष निकला था कि उनके खिलाफ कदाचार के आरोपों का समर्थन करने के लिए पर्याप्त सामग्री मौजूद थी। मामले को आगे बढ़ाने की सिफारिश करने से पहले पैनल ने 55 गवाहों से पूछताछ की थी और वर्मा का बयान दर्ज किया था।

हालांकि, वर्मा ने लगातार इस बात से इनकार किया कि नकदी उनकी थी। संसदीय पैनल के सामने उन्होंने कहा कि आग लगने के समय वे दिल्ली में मौजूद नहीं थे और तर्क दिया कि ऐसा कोई ठोस सबूत नहीं है जिससे यह साबित हो सके कि पैसा उनके कब्जे से बरामद हुआ था। उन्होंने नकदी की कथित बरामदगी या जब्ती का रिकॉर्ड रखने वाले उचित आधिकारिक दस्तावेजों की अनुपस्थिति पर भी सवाल उठाए। बाद में उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में संसदीय जांच समिति के गठन को चुनौती दी और तर्क दिया कि लोकसभा अध्यक्ष द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया कानूनी रूप से दोषपूर्ण थी। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी चुनौती को खारिज करते हुए कहा कि समिति के गठन में कोई अवैधता नहीं थी।

अप्रैल 2026 में वर्मा के जज पद से इस्तीफा देने के बाद जांच ने एक नया मोड़ लिया। इस्तीफे के बाद, वे कार्यवाही से हट गए और जांच को अनुचित और एकतरफा बताते हुए आलोचना की। उन्होंने तर्क दिया कि उनसे उस पैसे के स्रोत के बारे में स्पष्टीकरण मांगा जा रहा था, जिसकी बरामदगी और स्वामित्व पर उन्हें आपत्ति थी। इस्तीफे के बावजूद, समिति ने अपना काम जारी रखा और स्पीकर को अपनी रिपोर्ट सौंपी। अब यह रिपोर्ट इस विवाद को संसद के सामने मजबूती से रखती है, जहाँ इसके नतीजों का न्यायिक जवाबदेही पर व्यापक असर पड़ सकता है।

# बारिश को लेकर हरियाणा सरकार अलर्ट, अफसरों को मुख्यालय न छोड़ने के निर्देश



चंडीगढ़/यूटर्न/12 अगस्त। हरियाणा में लगातार बारिश को देखते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने जलभराव और जल निकासी को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि बारिश के दौरान वे मुख्यालय न छोड़ें और अपने-अपने क्षेत्रों में व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी करें। बैठक में मंत्री ने कहा कि सुपर सकर मशीन, जेटिंग मशीन, पाइप, मोटर और अन्य जरूरी मशीनरी पूरी तरह तैयार रखी जाए, ताकि जलभराव की स्थिति सामने आते ही तत्काल कार्रवाई हो सके।

पुराने और खराब वाटर टैंकों को लेकर भी मंत्री ने सर्किल वाइज डाटा और एस्टीमेट तुरंत मुख्यालय भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टैंकों के अपग्रेडेशन का काम जल्द शुरू किया जाए, ताकि लोगों को बेहतर और स्वच्छ पेयजल मिल सके। मंत्री ने सड़कों की तर्ज पर जन स्वास्थ्य विभाग को भी इंफ्रास्ट्रक्चर की लाइफ-साइकिल प्लानिंग तैयार करने को कहा। उनका कहना था कि किसी व्यवस्था के खराब होने का इंतजार करने के बजाय उसकी लाइफ स्पैन पूरी होने से पहले ही मरम्मत, रखरखाव या बदलाव की योजना तैयार होनी चाहिए। बैठक में जल संरक्षण, रिचार्ज बोरवेल, पानी के पुनः उपयोग और वाटर वर्क्स की नियमित सफाई पर भी जोर दिया गया।

# राइस शेलर एसोसिएशन के साथ पुलिस कमिश्नर की अहम मीटिंग



आर. के. उप्पल

अमृतसर/यूटर्न/12 अगस्त। पुलिस कमिश्नर अमृतसर हरमनबीर सिंह गिल, व्हर के नेतृत्व में राइस शेलर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ अहम मीटिंग हुई। इस अवसर पर डीसीपी इन्वेस्टिगेशन रविंदरपाल सिंह संधू तथा जोनल एडीसीपी भी मौजूद रहे। मीटिंग में शहर की सुरक्षा व्यवस्था और कानून-व्यवस्था को लेकर विचार-विमर्श किया गया। राइस शेलर मालिकों ने पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर विश्वास जताते हुए सुरक्षा व्यवस्था की सराहना की। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस शहर में शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित माहौल बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने व्यापारियों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की। पुलिस अधिकारियों ने शेलर मालिकों को सीसीटीवी कैमरे चालू रखने और सुरक्षा प्रबंध मजबूत करने की सलाह दी। एसोसिएशन ने पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखते हुए कानून के अनुसार प्रभावी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## 645 करोड़ के कथित सरकारी फंड घोटाले में मुख्य साजिशकर्ता ने मांगी जमानत, 17 अगस्त को सुनवाई

चंडीगढ़/यूटर्न/12 अगस्त। 645 करोड़ रुपये के कथित सरकारी फंड घोटाले में मुख्य साजिशकर्ता बताए जा रहे रिभव रिषी ने विशेष सीबीआई अदालत में नियमित जमानत याचिका दायर की है। मंगलवार को दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने सीबीआई से जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई अब 17 अगस्त को होगी। रिभव रिषी चंडीगढ़ के सेक्टर-32 स्थित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक शाखा का पूर्व ब्रांच मैनेजर बताया जा रहा है। उसकी ओर से अदालत में नियमित जमानत के लिए आवेदन दाखिल किया गया। सुनवाई के दौरान अदालत ने जांच एजेंसी को याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। अगली तारीख पर सीबीआई के जवाब के बाद दोनों पक्ष अपनी दलीलें पेश करेंगे। मामले में रिभव रिषी को 24 फरवरी को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इसके बाद जांच सीबीआई को सौंप दी गई। जांच अपने हाथ में लेने के बाद सीबीआई ने 17 अप्रैल को रिषी को औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया था। सीबीआई इस मामले में सरकारी फंड से जुड़े कथित लेनदेन, रकम के प्रवाह और आरोपियों की भूमिका की जांच कर रही है। अब रिषी की नियमित जमानत याचिका पर अदालत के फैसले पर सभी की नजरें टिकी हैं। अगली सुनवाई में सीबीआई के जवाब और दोनों पक्षों की दलीलों के बाद अदालत आगे का निर्णय लेगी।




## सीमा पर संयुक्त नाके लगाकर होगी संदिग्धों की जांच



मोहाली/यूटर्न/12 अगस्त। 15 अगस्त के स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर मोहाली और चंडीगढ़ पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए आपसी तालमेल बढ़ाने का फैसला किया है। इसी सिलसिले में डीएसपी सिटी-2 हरसिमरन सिंह बल और चंडीगढ़ की डीएसपी गुरजीत कौर की अगुवाई में दोनों शहरों के पुलिस अधिकारियों की कोऑर्डिनेशन मीटिंग हुई। बैठक में चंडीगढ़-मोहाली सीमा पर संयुक्त नाके लगाने, संदिग्ध वाहनों और लोगों की जांच करने और ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने पर सहमति बनी। बैठक में खास तौर पर सीमावर्ती इलाकों की सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने माना कि दोनों शहरों की सीमा से सटे कुछ इलाकों में हद स्पष्ट नजर नहीं आती और कई स्थानों पर 'नो मैन्स लैंड' जैसी स्थिति बन जाती है। ऐसे में वारदात के बाद अपराधियों के एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में भागने की संभावना रहती है।

### अपराधी सीमा का फायदा उठाकर नहीं बच पाएंगे

डीएसपी हरसिमरन सिंह बल ने बताया कि बैठक में सब-डिवीजन-2 के अंतर्गत आने वाले सभी थाना प्रभारियों के अलावा चंडीगढ़ से लगते थानों के एसएचओ भी शामिल हुए। दोनों पुलिस विभागों के अधिकारियों ने तय किया कि किसी वारदात के बाद आरोपी दूसरे क्षेत्र में भागता है तो संबंधित पुलिस को तत्काल सूचना देकर संयुक्त रूप से कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों के मुताबिक, कई बार अपराधियों का पीछा करते हुए पुलिस टीम सीमा क्षेत्र तक पहुंच जाती है और अधिकार क्षेत्र का हवाला देकर कार्रवाई में दिक्कत आती है। अब ऐसी स्थिति में दोनों पुलिस बल आपसी तालमेल से कार्रवाई करेंगे, ताकि अपराधी सीमा का फायदा उठाकर बच न सकें।

### स्वतंत्रता दिवस पर बढ़ेगी निगरानी

15 अगस्त को देखते हुए सीमा से जुड़े संवेदनशील स्थानों पर संयुक्त नाके लगाए जाएंगे। नाकों पर संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की जांच की जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक-दूसरे के साथ तत्काल सूचना साझा करने पर भी जोर दिया।

## 15 अगस्त को अंबाला शहर में ऊर्जा मंत्री अनिल विज करेंगे ध्वजारोहण

अंबाला/यूटर्न/12 अगस्त। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को अंबाला शहर में ऊर्जा मंत्री अनिल विज ध्वजारोहण करेंगे। नारायणगढ़ में विधायक शैली चौधरी, बराड़ा में गोसेवा आयोग के चेयरमैन राम चंद्र कंबोज तथा अंबाला छावनी में एसडीएम अंबाला ध्वजारोहण करेंगे। इस बार राज्यस्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह हांसी में आयोजित किया जाएगा, जहां राज्यपाल आसीम कुमार घोष राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर जिले में पिछले कई दिनों से तैयारियां चल रही हैं। प्रशासन की ओर से समारोह स्थलों पर सुरक्षा, परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम और अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**क्या दुकानदार Cash लेने से मना कर सकता है?**


निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

आजकल UPI और Card Payment का इस्तेमाल बहुत बढ़ गया है। इसके कारण कई दुकानों पर लोग Cash की जगह Digital Payment करना पसंद करते हैं। लेकिन कभी-कभी दुकानदार कहते हैं—'Cash नहीं लेंगे, केवल वढक करेंगे।' ऐसे में सवाल उठता है कि क्या दुकानदार Cash लेने से मना कर सकता है? सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि भारत में RBI द्वारा जारी Banknotes Legal Tender हैं। इसका मतलब है कि वे कानून के अनुसार भुगतान के लिए मान्य मुद्रा हैं। RBI के अनुसार वर्तमान में चल रहे Banknotes कानूनी रूप से मान्य हैं। लेकिन इसका यह अर्थ भी नहीं है कि हर दुकानदार को हर परिस्थिति में कोई भी Cash Payment स्वीकार करने के लिए मजबूर किया जा सकता है। किसी लेन-देन की शर्तें, व्यवसाय की प्रकृति और लागू नियमों को भी देखना पड़ सकता है।

Coins के मामले में भी RBI ने स्पष्ट किया है कि वर्तमान में चल रहे ₹1, ₹2, ₹5, ₹10 और ₹20 के सिक्के Legal Tender हैं।

एक और बात ध्यान रखने योग्य है—यदि कोई व्यक्ति कहता है कि ₹₹10 या ₹20 का सिक्का बिल्कुल नहीं चलेगा, तो यह सामान्य रूप से सही नहीं है। ऐसे सिक्के अभी भी वैध मुद्रा हैं।

ग्राहकों के लिए सबसे अच्छा तरीका है कि भुगतान से पहले कीमत और Payment Method की जानकारी ले लें। यदि कोई विवाद हो, तो Bill या Receipt जरूर लें और जरूरत पड़ने पर संबंधित विभाग या उपयुक्त कानूनी मंच पर शिकायत की जा सकती है।

आज Digital Payment सुविधाजनक जरूर है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि लोगों को वैध मुद्रा के बारे में गलत जानकारी दी जाए।

निष्कर्षः भारत में RBI द्वारा जारी वैध Banknotes और वर्तमान में चल रहे सिक्के कानूनी मुद्रा हैं। इसलिए 'ये सिक्के नहीं चलेंगे' जैसी बातों पर बिना जानकारी के विश्वास न करें। भुगतान को लेकर विवाद हो तो Bill लें और अपने अधिकारों की जानकारी रखें।

# श्री मुक्तेश्वर महादेव शिव मंदिर चहलां में श्रद्धा और धूमधाम से मनाई गई शिवरात्रि

लुधियाना/यूटर्न/12 अगस्त। श्री मुक्तेश्वर महादेव शिव मंदिर, मुक्ति धाम चहलां में शिवरात्रि का पवित्र पर्व श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ को जल अर्पित किया और पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे मंदिर परिसर में दिनभर हर-हर महादेव के जयकारों से आध्यात्मिक माहौल बना रहा। मंदिर कमेटी प्रधान चंद्रमोहन शर्मा ने बताया कि श्रद्धालुओं ने भगवान भोले शंकर के दर्शन कर जल चढ़ा सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। उन्होंने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी गांव चहलां से 31 श्रद्धालु पैदल हरिद्वार गए और वहां से गंगाजल लाकर मंदिर में भगवान भोलेनाथ को अर्पित किया। इस अवसर पर 301 शिव भक्तों ने सेवा की। कमेटी कोषाध्यक्ष पवन शर्मा ने कहा कि श्री मुक्तेश्वर महादेव मंदिर हिंदू-सिख एकता का प्रतीक है। मंदिर कमेटी के सेवादार



नील कमल शर्मा ने बताया कि शिवरात्रि के अवसर पर कोमल जालंधरी ने भजनों के माध्यम से संगत को निहाल किया। इस अवसर पर मंदिर के प्रबंधक अशू शर्मा, नीसू शर्मा, मास्टर जनक राज, बलदेव शर्मा, बलजिंदर सिंह बंटी, धर्मजीत कुमार धन्ना, डॉ. विजय भांबरी, कमल चीना, बलविंदर कुमार बीटीएल और रवि सिंगला सहित बड़ी संख्या में सेवादार एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

## रूह से रूबरू


चारू नागपाल



### सावन में खान-पान के नियम इतने सख्त क्यों होते हैं?

सावन का महीना भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व रखता है। इस महीने में कई लोग धार्मिक कारणों से व्रत रखते हैं और खान-पान के कुछ नियमों का पालन करते हैं। सावन में खान-पान के नियम सख्त होने के पीछे धार्मिक मान्यताओं के साथ-साथ मौसम का भी महत्वपूर्ण योगदान है। सावन में लगातार बारिश होने के कारण वातावरण में नमी बढ़ जाती है। इससे भोजन और पानी जल्दी दूषित हो सकते हैं तथा पाचन संबंधी समस्याएँ बढ़ सकती हैं। इसलिए इस समय हल्का, ताजा और साफ भोजन करने की सलाह दी जाती है। पुराने समय में सुरक्षित रखने की सुविधाएँ कम थीं, इसलिए कुछ खाद्य पदार्थों से दूरी बनाए रखना व्यावहारिक भी माना जाता था। धार्मिक दृष्टि से भी सावन को संयम और आत्मअनुशासन का महीना माना जाता है। व्रत और सात्त्विक भोजन लोगों को अपनी इच्छाओं पर नियंत्रण रखने तथा शरीर और मन को शांत रखने की प्रेरणा देते हैं। हालाँकि हर व्यक्ति की आवश्यकताएँ अलग होती हैं, इसलिए खान-पान के नियमों का पालन समझदारी और संतुलन के साथ करना चाहिए। सावन का मुख्य संदेश केवल भोजन पर नियंत्रण नहीं, बल्कि स्वच्छता, संयम और स्वस्थ जीवनशैली अपनाना भी है।

## जीरकपुर, लालड़ू व डेराबस्सी नगर परिषदों की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल, बोले—बुनियादी समस्याओं से जूझ रहे लोग

जीरकपुर/यूटर्न/12 अगस्त। भाजपा डेराबस्सी के नेता मनप्रीत सिंह बन्नी संधू ने पीरमुछल्ला में आयोजित माता की चौकी में नतमस्तक होकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने आम आदमी पार्टी की सरकार और स्थानीय नगर परिषदों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए।



संधू ने कहा कि डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र की जीरकपुर, लालड़ू और डेराबस्सी तीनों नगर परिषदों में आम आदमी पार्टी के पास प्रधानगी के साथ बहुमत भी है, इसके बावजूद स्थानीय स्तर पर विकास कार्यों की रफ्तार अपेक्षा के अनुरूप नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई क्षेत्रों में जलभराव, ट्रैफिक, सफाई, खराब स्ट्रीट लाइट, सड़क और जल निकासी जैसी बुनियादी समस्याएं आज भी लोगों के लिए परेशानी बनी हुई हैं।

उन्होंने विधायक पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि पिछले साढ़े चार वर्षों में जनसमस्याओं का स्थायी समाधान करवाने के बजाय पानी का मुद्दा विधानसभा में उठाने और सोशल मीडिया पर वीडियो व रील डालने तक ही गतिविधियां सीमित रही हैं। संधू ने कहा कि जब सरकार और स्थानीय निकायों के पास पर्याप्त बहुमत है तो विकास कार्य समय पर पूरे क्यों नहीं हो रहे, इसका जवाब विधायक और नगर परिषद पदाधिकारियों को जनता के सामने देना चाहिए।

## संस्कृति और संस्कारों को बचाने के लिए बच्चों को अपनी विरासत से जोड़ना जरूरी : आचार्य हरिकृष्ण महाराज

लुधियाना/यूटर्न/12 अगस्त। सिविल लाइंस स्थित श्री दंडी स्वामी तपोवन तपोभूमि आश्रम में अंसल एस्टेट के एस.एस. खुराना की ओर से आयोजित सात दिवसीय श्री शिव पुराण कथा के चौथे दिन मंगलवार को श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से कथा का श्रवण किया। हरिद्वार से पधारे कथा व्यास आचार्य श्री हरिकृष्ण जी महाराज ने भगवान शिव की महिमा का वर्णन करते हुए माता सती के विवाह का प्रसंग सुनाया।आचार्य श्री हरिकृष्ण



जी महाराज ने कहा कि भगवान शिव के समक्ष भक्त जितनी श्रद्धा से प्रणाम करता है, उतना ही आशीर्वाद प्राप्त करता है। उन्होंने कहा कि भगवान के समक्ष शब्दों की आवश्यकता नहीं होती, श्रद्धा से नतमस्तक होना ही पर्याप्त है। उन्होंने श्रद्धालुओं से मयार्दा के अनुसार चरणों में नतमस्तक होकर प्रणाम करने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि यदि देश में संस्कृति ही नहीं बचेगी तो फिर क्या बचेगा।

# स्कूल से पांच वर्षीय बच्चा लापता, दादा ने बहू पर लगाए अगवा करने के आरोप, लगाया धरना

लुधियाना/यूटर्न/12 अगस्त। हुसैनपुर स्थित श्री आत्म वल्लभ जैन पब्लिक स्कूल से एलकेजी क्लास में पढ़ता पांच साल का बच्चा अचानक लापता हो गया। बच्चे के दादा-दादी ने आरोप लगाया कि उसकी मां द्वारा स्कूल प्रबंधकों के साथ मिलकर बच्चे को अगवा किया गया है। जिसके बाद उन्होंने इस संबंध में थाना सलेम टाबरी की पुलिस को सूचना दी। उन्होंने पुलिस पर भी कार्रवाई न करने के आरोप लगाए हैं। जिसके चलते परेशान होकर पीड़ित परिवार द्वारा स्कूल के आगे धरना प्रदर्शन किया गया। वहीं मामले की गंभीरता और हंगामे को देखते हुए स्कूल प्रबंधन ने अंदर से गेट बंद कर लिया और बुधवार को स्कूल में पूर्ण रूप से छुट्टी घोषित कर दी है।





स्कूल से बच्चे को लेकर जाती मां

## उनके पास रह रहा था पोता

धरने पर बैठे बच्चे के दादा ने बताया कि उनका पोता शुरूआत से उनके पास रह रहा है। उनकी बहू कई साल पहले ही घर छोड़कर चली गई थी। बच्चे के पिता का 4 महीने पहले देहांत हो गया था। बच्चे के पालन की पूरी जिम्मेदारी दादा-दादी ही उठा रहे थे। परिजनों का कहना है कि उन्होंने स्कूल प्रशासन को बाकायदा एक एफिडेविट और लिखित निर्देश दिया था कि बच्चे को उनके अलावा किसी अन्य व्यक्ति को न सौंपा जाए।

## स्कूल प्रबंधकों पर मिलीभगत के आरोप

परिजनों और ग्रामीणों ने स्कूल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि स्कूल प्रबंधकों द्वारा मिलीभगत के बाद बच्चे को अगवा करवाया गया है। बच्चे की छुट्टी सुबह साढ़े 10 बजे होती है। लेकिन उससे पहले ही उसकी मां आई और आराम से बच्चे को लेकर चली गई। उन्होंने कहा कि जब तक उन्हें उनका बच्चा वापस नहीं मिल जाता, उनका यह धरना जारी रहेगा। एसएचओ सलेम टाबरी ने कहा कि मामला हमारे ध्यान में है। परिवार की ओर से कोई लीगल डॉक्यूमेंट नहीं दिखाया है। बच्चे को मां ही लेकर गई है। उससे भी पूछताछ की जा रही है। कोर्ट में केस चल रहा है।

# डिलीवरी के दौरान मातृ मृत्यु दर घटाने के लिए 'मिशन जीवनी' के तहत अभियान शुरू

अशोक सहगल

लुधियाना, यूटर्न 12 अगस्त। ज़िला लुधियाना में मातृ मृत्यु दर को और कम करने और गर्भावस्था के दौरान होने वाली मौतों को पूरी तरह से रोकने के मकसद से आज 'मिशन जीवनी' (खएएश्ठक) के तहत चार महीने के एक विशेष गहन अभियान की शुरूआत की गई।

इस अवसर पर डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन अपर डिप्टी कमिश्नर (ग्रामीण विकास) नरिंदर सिंह, सिविल सर्जन डॉ. हरिंदर सूद, डिप्टी मेडिकल कमिश्नर डॉ. वरुण सग्गर, डी.एफ.पी.ओ. डॉ. अमनप्रीत, डी.एम.सी.एच., सी.एम.सी., दीप अस्पताल और लुधियाना के अन्य निजी अस्पतालों व नर्सिंग होम के प्रतिनिधि, बड़ी संख्या में एम.पी.एच.डब्ल्यू और आशा वर्कर उपस्थित थे।



सभा को संबोधित करते हुए डिप्टी कमिश्नर ने जोर देकर कहा कि मिशन जीवनी का मुख्य उद्देश्य माताओं की कीमती जान बचाना है। डिप्टी कमिश्नर ने निजी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों से विशेष रूप से निम्नलिखित बातों का ध्यान रखने की अपील की:

**हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी (HRP):** उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं का इलाज ऐसे अस्पतालों में न किया जाए जहां जरूरी सुविधाएं उपलब्ध न हों। ऐसे मामलों को बिना किसी देरी के बड़े अस्पतालों में रेफर किया जाए।

**गरीब मरीजों की मदद:** निजी अस्पतालों से अनुरोध किया गया कि वे मिशन जीवनी में अपना योगदान देते हुए कम से कम एक जरूरतमंद (गरीब) मरीज का मुफ्त इलाज करें।

# शादी के 3 महीने बाद विवाहिता ने शकी हालातों में किया सुसाइड, पति से हुआ था झगड़ा



लुधियाना/यूटर्न/12 अगस्त। कूमकलां में एक विवाहिता ने शकी हालातों में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिवार मुताबिक महिला का अपने पति के साथ झगड़ा हुआ था, जिसके बाद उसने यह कदम उठाया। परिवार वालों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मृतका की पहचान पूजा के रूप में हुई है। थाना कूमकलां की पुलिस ने लाश कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतका के पति अनीश ने बताया कि उनकी शादी करीब तीन महीने पहले हुई थी। उनके अनुसार, घटना वाले दिन किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच कहासुनी हुई थी। इसके बाद वह अपने काम पर चला गया। शाम को जब वह वापस कमरे पर लौटा तो उसने पूजा की लाश को लाश पंखे से लटका हुआ पाया। अनीश ने तुरंत आसपास के लोगों को बुलाया और उनकी मदद से पूजा की लाश को नीचे उतारा। जांच अधिकारी हरदीप सिंह ने बताया कि लाश को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया गया है।

# पॉश इलाके के पार्क में सैर कर रही एक महिला को तीन महिलाओं ने मिलकर पीटा, मामला हुआ दर्ज




लुधियाना/यूटर्न/12 अगस्त। लुधियाना के पॉश इलाके बाड़ेवाल में पार्क में सैर करने गई एक महिला द्वारा तीन महिलाओं पर मारपीट करने और धमकियां देने का आरोप लगाया गया है। थाना सराभा नगर पुलिस ने दलजीत नगर बाड़ेवाल 12-ए की बलविंदर कौर की शिकायत के आधार पर बाड़ेवाल ग्रीन एवेन्यू 8-ए की वीरां पासी, न्यू अग्र नगर ग्रेवाल स्ट्रीट की शारूती आचारियां और न्यू अग्र नगर की नीरज शर्मा के खिलाफ कई धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। शिकायतकर्ता बलविंदर कौर ने बताया कि उनके घर के पास पार्क है। इस पार्क में रोजाना कुछ महिलाएं सैर करने के लिए आती हैं। इनमें कुछ महिलाएं पिछले 2-3 महीनों से ही सैर करने के लिए पार्क में आ रही हैं। 5 अगस्त को वह भी पार्क में सैर करने के लिए गई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि पार्क में उसे आंटी तेजिंदर कौर सैणी मिलीं और दोनों सैर करने लगीं। इसी दौरान पार्क में योग कर रही महिलाओं में से वीरां पासी, शारूती आचारियां और नीरज शर्मा उसके पास आ गईं। महिला का आरोप है कि तीनों ने मिलकर उसके साथ कथित तौर पर मारपीट शुरू कर दी। फिर उसे जान से मारने की धमकियां भी दीं। घटना के बाद महिला ने पुलिस को शिकायत दी और आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

# वार्ड-16 की समस्याओं पर विधायक रंधावा का फोकस, लोगों से पूछा-कहां अटके हैं विकास कार्य

डेराबस्सी/यूटर्न/12 अगस्त। नगर काउंसिल के वार्ड नंबर 16 ईसापुर में विकास कार्यों और स्थानीय समस्याओं को लेकर विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने बुधवार को क्षेत्रवासियों से सीधा संवाद किया। 'पंजाब का एक ही नारा—भगवंत मान दोबारा' अभियान के तहत आयोजित लोक मिलनी में विधायक ने लोगों से वार्ड की जरूरतों और लंबित कार्यों की जानकारी ली। लोक मिलनी के दौरान रंधावा ने लोगों से क्षेत्र में करवाए जाने वाले विकास कार्यों को लेकर सुझाव भी लिए। उन्होंने



कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर तक पहुंचाने के साथ स्थानीय समस्याओं का समय पर समाधान करवाना जरूरी है। लोगों की ओर से सामने रखी गई जायज समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित स्तर पर उठाकर हल करवाने का प्रयास किया जाएगा। रंधावा ने कहा कि लोक मिलनी का उद्देश्य केवल सरकार की योजनाओं की जानकारी देना नहीं, बल्कि लोगों के बीच जाकर यह जानना भी है कि उनके क्षेत्र में किन समस्याओं पर तत्काल काम करने की जरूरत है।

# मोहाली रेड मामले में ED का एक्शन, डीजीपी को पत्र लिख एफआईआर दर्ज करने को कहा, मजीठिया ने सीएम के खास का लिया नाम

पंजाब/यूटर्न/12 अगस्त। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से तीन महीने पहले मोहाली में की कार्रवाई के मामले में जांच तेज कर दी है। इस जांच में एक आप नेताओं के करीबी का भी जिक्र सामने आया है। जिस पर ईडी एक्शन लेने की तैयारी में है। इस संबंधी ईडी की ओर से डीजीपी पंजाब गौरव यादव को एक पत्र लिखा गया है। जिसमें आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेताओं के कथित करीबी एक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। हालांकि उक्त करीबी भी आप नेता है। एजेंसी ने आरोप लगाया है कि उक्त व्यक्ति सरकारी अधिकारियों के तबादलों और तैनातियों को प्रभावित करने वाले नेटवर्क को चला रहा था। इसके अलावा वह नीतिगत फैसलों को प्रभावित करने, संदिग्ध जमीन सौदों और हथियार लाइसेंस की मंजूरी में भी कथित रूप से शामिल था। इसके अलावा डीजीपी से कई डिटेल भी मांगी गई है। ईडी के इस पत्र के बाद पंजाब की राजनीति में हलचल पैदा हो चुकी है। इस मामले में अकाली दल की सांसद हरसिमरत कौर बादल और बिक्रम सिंह मजीठिया द्वारा एक पोस्ट शेयर की गई है। जिसमें उन्होंने इस मामले के मुख्य व्यक्ति आप नेता को सीएम भगवंत मान का खास बताया है। ईडी ने डीजीपी से मामला दर्ज करने को कहा है और सुप्रीम कोर्ट के उन निर्देशों का हवाला दिया है, जिनके तहत संज्ञेय अपराध की सूचना मिलने पर एफआईआर दर्ज करना अनिवार्य है। अब देखना होगा कि इस मामले में डीजीपी द्वारा क्या एक्शन लिया जाता है।




## पमला एक्ट के तहत हुई थी कार्रवाई

जानकारी के अनुसार ईडी की ओर से 7 से 10 मई के बीच मोहाली के खरड़ में वेस्टर्न टावर्स सोसाइटी में आईटी सेक्टर में काम करने वाले कारोबारी के घर रेड की गई। इस दौरान 21 लाख रुपये की नकदी जब्त की गई थी। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की गई थी। यह मामला एक हाउसिंग सोसायटी में कथित तौर पर किए हेरफेर से जुड़ा है।

## बिना किसी पद के सरकारी काम में कैसे हुआ हस्ताक्षेप



वहीं बिक्रम सिंह मजीठिया द्वारा फेसबुक पर एक पोस्ट डाली गई है। जिसमें उन्होंने सीएम मान के खास का नाम लिया है। उनका कहना है कि आखिर इस व्यक्ति के पास कोई पद नहीं है, जिसके बावजूद कैसे वे सरकारी काम में हस्ताक्षेप करता रहा। आखिर उसे इतनी पावर किसने दी। उन्होंने कहा कि ईडी को चैट के अलावा कई और भी अहम सबूत मिले हैं।

## आईपीएस, आईएएस और पीसीएस के तबादलों के मिले सबूत

चर्चा है कि ईडी के पत्र से कई बड़े खुलासे हुए हैं। पत्र के मुताबिक, मोहाली में रेड के बाद गिरफ्तार आरोपी के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से काफी डाटा बरामद हुआ है। उसकी व्हाट्सऐप चैट में आईएएस, आईपीएस, पीसीएस और डीएसपी स्तर के अधिकारियों की तैनाती और पोस्टिंग करने के सुराग मिले है। उसकी ओर से आप नेताओं के साथ मिलकर यह नियुक्तियां और तबादले किए गए हैं। ईडी ने वर्ष 2023 से 2026 के बीच हुई 20 से अधिक ट्रांसफर का जिक्र किया है। विभाग द्वारा डीजीपी से ट्रांसफर और नियुक्तियां किसके कहने पर की गई, इसकी डिटेल भी मांगी गई है।

# 340 एकड़ की फाइल : आवंटन प्रक्रिया से जुडी अनियमिताओं पर नजर-भाग-3

## हीरो साइकिल्स की फाइल पर हाईकोर्ट ने क्या सवाल उठाए : 267 एकड़ जमीन की पेशकश का जिक्र, मिली 100 एकड़ : आवंटन के करीब 14 महीने बाद कंपनी ने बताया, जमीन के लिए उपयुक्त परियोजना सुझाने को सलाहकार रखा

लुधियाना/यूटर्न/12 अगस्त। फोकल प्वाइंट फेज-8 की औद्योगिक जमीन से जुड़ी 340 एकड़ की फाइल में हीरो साइकिल्स सहित ६ बड़े घरानों का मामला कई अहम सवाल खड़ा करता है। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने 17 अप्रैल 1998 के अपने फैसले में हीरो साइकिल्स से संबंधित सरकारी फाइल का उल्लेख करते हुए उस प्रक्रिया पर सवाल उठाया था, जिसके तहत कंपनी को 100 एकड़ अविकसित औद्योगिक जमीन आवंटित की गई। रिकार्ड अनुसार जमीन अलॉटमेंट में कई प्रकार की अनियमिताएं देखने को मिली है। जिसे लेकर माननीय कोर्ट ने भी न सिर्फ कई प्रकार के सवाल खडे किए थे बल्कि पूरी 340 एकड़ की अलॉटमैट तक रद्द कर दी थी। अगर ईडी इन पहलुओं की जाँच करती है तो बड़े घरानों के समक्ष बड़ी समस्या पैदा हो सकती है।

अदालती रिकॉर्ड के अनुसार हीरो साइकिल्स ने 17 जनवरी 1994 को पंजाब स्टेट इंडस्ट्रियल एंड एक्सपोर्ट कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक को पत्र दिया था। यह पत्र पहले हुई चर्चा और फोकल प्वाइंट फेज-8 में 267 एकड़ जमीन खरीदने की पेशकश के संदर्भ में था। कंपनी ने इस पत्र को 267 एकड़ जमीन की पेशकश स्वीकार करने के रूप में लेने को कहा था। अगले दिन, 18 जनवरी को प्रबंध निदेशक ने प्रस्ताव उद्योग निदेशक को भेजने का नोट दर्ज किया। इसके बाद मामला 'ऑफ द शेल्फ' योजना के तहत आवंटन समिति के सामने पहुंचा और 22 अप्रैल 1994 को हीरो साइकिल्स को 100 एकड़ अविकसित जमीन आवंटित कर दी गई।

## यहीं से पहला बड़ा सवाल खड़ा होता है–

- जब पूरी परियोजना का विवरण उपलब्ध नहीं था तो 100 एकड़ जमीन की जरूरत किस आधार पर तय हुई ?
- 13 जून 1995 को सरकार ने पूछा—काम कहां तक पहुंचा ?
- जमीन आवंटित होने के करीब 14 महीने बाद 13 जून 1995 को उद्योग सहायक ने हीरो साइकिल्स को पत्र लिखा।
- अदालती रिकॉर्ड के अनुसार कंपनी को याद दिलाया गया कि आवंटन की शर्तों के तहत एक वर्ष में कारखाने के भवन का निर्माण, मशीनरी खरीदने के पक्के आदेश, बिजली कनेक्शन की व्यवस्था और वित्तीय संस्था से ऋण आवेदन का मूल्यांकन करवाने जैसे कदम उठाए जाने थे।
- पत्र में कंपनी से इन सभी बिंदुओं की मौजूदा स्थिति बताने को कहा गया। साथ ही चेतावनी दी गई कि जवाब न मिलने पर यह माना जा सकता है कि कंपनी ने आवश्यक कदम शुरू नहीं किए और आवंटन रद्द कर जमीन का कब्जा वापस लेने की कार्रवाई की जा सकती है।
- लेकिन इस पत्र के जवाब में जो बात सामने आई, उसी ने हाईकोर्ट का विशेष ध्यान खींचा।

## जमीन के लिए उपयुक्त परियोजना सुझाने को सलाहकार रखा

हाईकोर्ट के फैसले में दर्ज है कि हीरो साइकिल्स ने उद्योग सहायक को जवाब दिया कि उसने जमीन के लिए उपयुक्त परियोजना सुझाने के लिए एक सलाहकार नियुक्त किया है और इस जमीन पर इकाई लगाने का फैसला जल्द लिया जाएगा। यानी जमीन का आवंटन अप्रैल 1994 में हो चुका था, जबकि जून 1995 में जमीन के लिए उपयुक्त परियोजना तलाशने संबंधी पत्राचार अदालत के सामने था। इसी रिकॉर्ड को देखने के बाद एकल पीठ ने कहा कि साधारण आवेदन के अलावा जमीन की वास्तविक आवश्यकता सिद्ध करने वाली परियोजना रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई थी और 100 एकड़ जमीन किस मापदंड पर आवंटित की गई, यह समझ में नहीं आता।

## समिति के पास परियोजनाओं की पूरी जानकारी नहीं थी

इस पूरे मामले में महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि 9 मार्च 1994 की आवंटन समिति की बैठक में स्वयं यह दर्ज किया गया था कि परियोजनाओं का पूरा विवरण उपलब्ध नहीं है। इसी बैठक में यह भी माना गया कि अविकसित जमीन के आवंटन, उपयोग, विकास और विकास शुल्क से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश उपलब्ध नहीं थे। इसके बावजूद समिति ने हीरो साइकिल्स को 100 एकड़ सहित चुनिंदा औद्योगिक घरानों को बड़ी जमीन आवंटित करने का निर्णय लिया। दूसरी ओर बाकी आवेदकों से विस्तृत परियोजना रिपोर्ट मांगने और उनके मामलों को बाद में विचार के लिए रखने का फैसला हुआ।

## अदालत ने यह भी दर्ज किया–निर्माण शुरू नहीं हुआ था

मामले की एक और महत्वपूर्ण कड़ी बाद के हाई कोर्ट बेंच के फैसले में सामने आती है। खंडपीठ ने दर्ज किया कि हीरो साइकिल्स के पक्ष में औपचारिक कन्वेंस डीड 6 फरवरी 1997 को किया गया था। तब तक अप्रैल 1994 के आवंटन को करीब दो वर्ष नौ महीने बीत चुके थे, लेकिन निर्माण शुरू नहीं हुआ था। कन्वेंस डीड में निर्माण एक वर्ष में शुरू करने और उसके बाद दो वर्षों के भीतर परियोजना को व्यावसायिक उत्पादन में लाने की शर्त का भी उल्लेख था। हीरो साइकिल्स की तरफ से अपील में यह तर्क रखा गया था कि सरकारी फैसला जनहित और पंजाब में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने की नीति के तहत लिया गया था तथा आवंटन उचित था। लेकिन अदालत के सामने मूल प्रश्न वही रहा– जमीन किसी तय परियोजना के लिए दी गई थी या जमीन मिलने के बाद परियोजना तय की जानी थी ? और यही सवाल भाग-2 में सामने आए 126 रुपये बनाम 350 रुपये प्रति वर्ग गज के विवाद को और महत्वपूर्ण बनाता है। क्योंकि इंटरनेशनल साइकिल्स एंड स्ट्रिप्स से 10 एकड़ के आवेदन पर विस्तृत परियोजना रिपोर्ट मांगी गई थी, जबकि हाईकोर्ट ने हीरो साइकिल्स की फाइल देखने के बाद परियोजना रिपोर्ट की अनुपस्थिति पर स्पष्ट सवाल उठाया।

*भाग-4 में पढ़िए*

*आवंटन समिति ने खुद माना—न विस्तृत दिशा-निर्देश थे, न परियोजनाओं की पूरी जानकारी; फिर कैसे बंट गईं सैकड़ों एकड़ जमीन?*

*9 मार्च 1994 की बैठक की फाइल खोलेगी अगली परत—हीरो साइकिल्स, एवन, रितेश और रॉयल समेत चुनिंदा घरानों को जमीन, बाकी आवेदकों से मांगी गई विस्तृत परियोजना रिपोर्ट*

# फिरोजपुर कैंट रेलवे स्टेशन पर मिलेगी पार्सल पैकिंग सुविधा

## ई-नीलामी के माध्यम से तीन वर्ष के लिए पार्सल पैकिंग सुविधा का अनुबंध आवंटित

-आर. के. उप्पल-

अमृतसर/यूटर्न/12 अगस्त। फिरोजपुर मंडल ने यात्रियों को सुरक्षित एवं सुविधाजनक पार्सल सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

मंडल द्वारा ई-नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से फिरोजपुर कैंट रेलवे स्टेशन पर पार्सल पैकिंग सुविधा के अनुबंध का सफलतापूर्वक आवंटन तीन वर्ष की अवधि के लिए किया गया है।

इस सुविधा के शुरू होने से यात्रियों को अपने पार्सल की पैकिंग रेलवे स्टेशन पर ही नाममात्र शुल्क पर करवाने की सुविधा मिलेगी। उचित एवं



सुरक्षित पैकिंग होने से पार्सल के परिवहन के दौरान टूट-फूट अथवा क्षति की संभावना कम होगी। इससे पार्सल लोडिंग से संबंधित शिकायतों में कमी आने के साथ-साथ क्षतिग्रस्त पार्सल के दावों में भी कमी आएगी।

पार्सल पैकिंग सुविधा से सामान का सुरक्षित, व्यवस्थित और सुगम परिवहन सुनिश्चित होगा। यह सुविधा लुधियाना एवं अमृतसर रेलवे स्टेशनों पर पहले से सफलतापूर्वक संचालित की जा रही है और यात्रियों द्वारा इसका लाभ उठाया जा रहा है। अब फिरोजपुर कैंट स्टेशन पर भी यह सुविधा उपलब्ध होने से रेल यात्रियों को पार्सल बुकिंग के दौरान बेहतर सुविधा मिलेगी।

फिरोजपुर मंडल द्वारा ई-नीलामी प्रणाली के माध्यम से पारदर्शिता को बढ़ावा देने के साथ-साथ गैर-किराया राजस्व में वृद्धि पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। पार्सल पैकिंग सुविधा की शुरूआत रेलवे की आय बढ़ाने के साथ यात्रियों को बेहतर, आधुनिक और सुविधाजनक सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# सरकारी राशन की गेहूं खाता दिखा आवारा कुत्ता, वीडियो वायरल

जीरकपुर /यूटर्न/12 अगस्त। बलटाना स्थित सरकारी राशन डिपो में जरूरतमंद परिवारों को वितरित की जाने वाली गेहूं की स्वच्छता और रखरखाव को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। सोशल मीडिया पर सामने आए एक वीडियो में आवारा कुत्ता सरकारी राशन की गेहूं खाते हुए दिखाई दे रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद स्थानीय लोगों ने डिपो में राशन के सुरक्षित भंडारण और निगरानी व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार गरीब और जरूरतमंद परिवारों को खाद्यान्न उपलब्ध कराती है, ऐसे में उसकी सुरक्षा और स्वच्छता सुनिश्चित करना डिपो संचालक की जिम्मेदारी है। लोगों ने मांग की कि विभाग यह जांच करे कि गेहूं किस स्थान पर रखी गई थी और कुत्ता वहां तक कैसे पहुंचा।



### नियमित निगरानी की मांग

स्थानीय निवासियों का कहना है कि राशन को खुले अथवा असुरक्षित स्थान पर रखने से उसकी गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। उन्होंने सभी राशन डिपो संचालकों को खाद्यान्न के सुरक्षित भंडारण के लिए स्पष्ट निर्देश जारी करने और नियमित निरीक्षण करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि जांच में लापरवाही सामने आने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

### दूषित खाद्य सामग्री से संक्रमण का खतरा

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार पशुओं के सीधे संपर्क में आई खाद्य सामग्री दूषित हो सकती है और उसमें बैक्टीरियल संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है। ऐसे में खाद्यान्न को पशुओं की पहुंच से दूर, साफ और सुरक्षित स्थान पर रखना जरूरी है। सीधे संपर्क में आई खाद्य सामग्री का वितरण नहीं किया जाना चाहिए।

### डिपो संचालक को दी जाएगी चेतावनी

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की इंस्पेक्टर रजनी ने कहा, 'इसके लिए हम डिपो मालिक को चेतावनी देंगे। यदि दोबारा ऐसी कोई घटना होती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।'

# गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश उत्सव पर पौधरोपण अभियान को मिला समर्थन

## स्कूल के प्रिंसिपल के सहयोग से लगाए पौधे

आर. के. उप्पल

अमृतसर/यूटर्न/12 अगस्त। श्री गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश उत्सव को समर्पित जिला प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे 6.50 लाख पौधे लगाने के अभियान के तहत प्रेम आश्रम स्कूल के प्रिंसिपल प्रदीप सरीन ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक लोगों को पौधरोपण के लिए प्रेरित किया। प्रिंसिपल प्रदीप सरीन ने कहा कि पौधे हमारे जीवन का आधार हैं और पर्यावरण को स्वच्छ एवं संतुलित बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि श्री गुरु रविदास जी ने मानवता को समानता, सेवा और सद्भावना का संदेश




दिया। पौधरोपण अभियान को इन मूल्यों से जोड़कर समाज के प्रत्येक वर्ग को इसमें सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्कूलों में विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना समय की आवश्यकता है। विद्यार्थी अपने घरों, स्कूलों और आसपास के क्षेत्रों में पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लें। प्रदीप सरीन ने जिला प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि 6.50 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य केवल संख्या तक सीमित न रहे, बल्कि लगाए गए प्रत्येक पौधे को वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखा जाए। उन्होंने शहरवासियों और सामाजिक संस्थाओं से इस मुहिम में बढ़-चढ़कर योगदान देने की अपील की।

# सुखबीर बादल की PM से मुलाकात: क्या एजेंडा में 2027 के चुनावों के अलावा भी कुछ था?

चंडीगढ़/यूटर्न/12 अगस्त। 2027 के पंजाब विधानसभा चुनावों से पहले सुखबीर सिंह बादल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करीब आ रहे हैं। साथ ही, बहबल कलां फायरिंग केस की आंच भी उन पर फिर से आ गई है, क्योंकि पंजाब पुलिस ने चंडीगढ़ की अदालत में कोट Xkapura और बहबल कलां फायरिंग केस की पेंडिंग जांच पर सीलबंद स्टेटस रिपोर्ट जमा की है। इस समय ये घटनाक्रम इन राजनीतिक रूप से संवेदनशील मामलों को फिर से चर्चा में ले आया है—और एक ऐसा सवाल खड़ा करता है जो शायद जितना राजनीतिक है, उतना ही कानूनी भी है: क्या मोदी से सुखबीर का संपर्क सिर्फ. 2027 के चुनावों के बारे में है, या इस मुलाकात में कुछ और भी है जो साफ तौर पर दिखाई नहीं दे रहा?

सुखबीर यह तर्क दे सकते हैं, जैसा कि उन्होंने पहले भी किया है, कि इन मामलों की फिर से जांच बदले की राजनीति है, खासकर तब जब चुनाव नजदीक हों। लेकिन राजनीतिक घटनाक्रम इस घटना को नजरअंदाज करना मुश्किल बना देता है। फायरिंग केस पिछली रअऊ-इखढ सरकार की सबसे नुकसानदेह विरासतों में से एक रहे हैं, और इनमें कोई भी नई हलचल सुखबीर पर फिर से राजनीतिक



दबाव डालती है। इसलिए मोदी के साथ उनकी मुलाकात को दो स्तरों पर देखा जा सकता है। ऊपरी तौर पर, यह 2027 से पहले राजनीतिक स्थिति मजबूत करने और SAD और BJP के बीच गठबंधन को फिर से बनाने की संभावना के बारे में है। इसके नीचे यह सवाल भी है कि क्या सुखबीर को इखढ के राजनीतिक समर्थन की भी जरूरत है, ऐसे समय में जब बेअदबी और फायरिंग की घटनाओं के पुराने जख्म फिर से खुल रहे हैं।

आखिरकार, राजनीति शायद ही कभी साफ-सुथरे खानों में काम करती है। मुलाकात और अदालत की नई कार्यवाही का एक साथ होना पंजाब में अटकलें पैदा करेगा कि क्या सुखबीर राजनीतिक जगह—और शायद कुछ हद तक सुरक्षा—के लिए इखढ नेतृत्व की ओर देख रहे हैं, क्योंकि बहबल कलां मामले में दबाव बढ़ रहा है।

### बड़ा सवाल: क्या SAD और इखढ वास्तव में एक साथ आ सकते हैं?

लेकिन ज्यादा अहम सवाल यह नहीं हो सकता कि मोदी-सुखबीर की मुलाकात के कमरे के अंदर क्या चर्चा हुई। अहम यह है कि उसके बाहर क्या होता है। BJP के लिए तर्क काफी सीधा है। पार्टी ने पंजाब में अपनी संगठनात्मक और चुनावी पहुंच बढ़ाई है, लेकिन अभी भी उसके पास राज्य-व्यापी ढांचा नहीं है जो अकाली दल ने दशकों में बनाया था। रअऊ के साथ गठबंधन से इखढ को गांवों में पहले से बना-बनाया नेटवर्क मिल जाएगा, खासकर उन इलाकों में जहां पार्टी को अपने वोट को विधानसभा सीटों में बदलने में हमेशा मुश्किल हुई है। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह पहले ही इखढ की तरफ से यह बात कह चुके हैं कि अकेले पंजाब का चुनाव लड़ने के बजाय अकाली दल के साथ मिलकर लड़ने से पार्टी की चुनावी संभावनाओं को फायदा हो सकता है।

पुराने समझौते के तहत, रअऊ मुख्य पार्टनर थी और 117 सदस्यों वाली विधानसभा में 94 सीटों पर चुनाव लड़ती थी, जबकि इखढ 23 सीटों पर लड़ती थी। वह फॉर्मूला गठबंधन की उस राजनीतिक सच्चाई को दिखाता था जिसमें पंजाब में अकाली दल मुख्य ताकत थी और इखढ की भूमिका ज्यादातर शहरी विधानसभा क्षेत्रों तक ही सीमित थी। 50-50 का समझौता उस समीकरण को पूरी तरह से बदल देगा।

अगर दोनों पार्टियां 117 सीटों को लगभग बराबर-बराबर बांटती हैं, तो रअऊ लगभग 58 या 59 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव लड़ेगी—यानी पारंपरिक गठबंधन फॉर्मूले के तहत लड़ी गई सीटों से लगभग 35 सीटें कम। और जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं, बेबल कलां मामले में सुखबीर बादल पर कई तरह से—यहां तक कि राजनीतिक रूप से भी—शिकंजा कस सकता है।

यूटर्न टाइम

# डेयरी डेवलपमेंट विभाग ने एक दिन मे लिए दूध के 73 सैंपल, स्वास्थ्य विभाग ने 6

अशोक सहगल

लुधियाना, यूटर्न 12 अगस्त। पिछले दिनों डेयरी डेवलपमेंट विभाग द्वारा सक्रिय होने के बाद स्वास्थ्य विभाग में नींद से जागते हुए आज बस स्टैंड पर छह दूध के सैंपल लेकर उसकी जांच की हालाकि टेस्ट रिपोर्ट क्या आई है स्वास्थ्य अधिकारियों ने नहीं बताया उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा बस स्टैंड, लुधियाना में खाद्य परीक्षण गतिविधि आयोजित की गई।

इस दौरान कुल 6 दूध के सैंपलों की जांच 'Food Safety on Wheels' मोबाइल फूड टेस्टिंग वैन के माध्यम से मौके पर ही की गई। सभी सैंपलों की जांच के बाद संबंधित फूड बिजनेस ऑपरेटरों को टेस्ट रिपोर्ट मौके पर ही उपलब्ध करवाई गई, ताकि वे अपने खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा के संबंध में तुरंत जानकारी प्राप्त कर सकें।



इसके साथ ही बस स्टैंड पर जागरूकता एवं प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किया गया। इस दौरान फूड बिजनेस ऑपरेटरों को खाद्य पदार्थों की स्वच्छता, सुरक्षित रख-रखाव एवं हैंडलिंग, गुणवत्ता बनाए रखने तथा खाद्य सुरक्षा मानकों की पालना के संबंध में जागरूक किया गया।

इस अवसर पर डॉ. आशीष चावला, जिला स्वास्थ्य अधिकारी, लुधियाना ने कहा कि मौके पर खाद्य पदार्थों की जांच और तुरंत टेस्ट रिपोर्ट उपलब्ध करवाने जैसी गतिविधियां फूड बिजनेस ऑपरेटरों में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

**डेयरी डेवलपमेंट विभाग में 73 सैंपलों की की थी जांच 26 में मिला था पानी...**उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों डेयरी डेवलपमेंट विभाग ने 73 दूध के सैंपलों की जांच की थी जिसमें 26 में पानी मिला हुआ पाया गया था जबकि स्वास्थ्य विभाग में एक दिन में मात्र 6 दूध के सैंपलों की जांच की और उसकी रिपोर्ट क्या आई उसे गुप्त रख लिया गया इसके बावजूद दिल्ली डेवलपमेंट विभाग में लोगों को खुला न्योता दिया कि वह किसी भी कार्य दिवस पर सुबह उनके कार्यालय आकर दूध की जांच करवा सकते हैं जबकि स्वास्थ्य विभाग की ओर से लोगों को फूड सेफ्टी ऑन वहील्स द्वारा रोज सैंपल की जांच करने के लिए कोई आमंत्रण नहीं दिया गया।

## 14 साल की हैंडबॉल टीम ने जीता जोनल खिताब, भारतीय विद्या मंदिर स्कूल का नाम किया रोशन



लुधियाना/यूटर्न/12 अगस्त। भारतीय विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ऊधम सिंह नगर की अंडर-14 हैंडबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जोनल स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया। प्रतियोगिता 10 और 11 अगस्त को पीएयू स्कूल में आयोजित की गई। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों की टीमों ने हिस्सा लिया। भारतीय विद्या मंदिर के खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना का प्रदर्शन किया। विजेता टीम में जैवीर, सार्थिक, प्रांशुल, स्वयं, सुखदीप, ज्यंत, ओम कुमार, कविश शर्मा, अनिकेत शर्मा, दिव्यम, धीरज धीर, तारुष कपूर, मयंक, प्रिंस और अर्श शामिल रहे। स्कूल के प्रधानाचार्य पवन सूद ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए इसे उनकी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम बताया। उन्होंने टीम के प्रशिक्षक साहिल शर्मा के मार्गदर्शन की भी सराहना की।

# बीसीएम आर्य में 90 शिक्षकों ने सीखी भविष्य की आईटी शिक्षा की नई तकनीकें

लुधियाना/यूटर्न/12 अगस्त। बीसीएम आर्य मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शास्त्री नगर में सीबीएसई की ओर से कौशल विषय सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी-402/802) पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पंजाब के विभिन्न स्कूलों से 90 शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य फोकस तकनीक आधारित शिक्षा, नई शिक्षण पद्धतियों और भविष्य के लिए विद्यार्थियों को तैयार करने पर रहा। कार्यक्रम का संचालन सीबीएसई संसाधन व्यक्ति डॉ. कदम भांबरी और स्कूल के कंप्यूटर साइंस विभाग की प्रमुख



श्रीमती उर्वशी भारद्वाज ने किया। डॉ. भांबरी ने कम्प्यूटेशनल थिंकिंग, कोडिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अनुभवात्मक अधिगम के जरिए विद्यार्थियों में रचनात्मकता और समस्या समाधान की क्षमता विकसित करने पर जोर दिया। वहीं, श्रीमती उर्वशी भारद्वाज ने सीबीएसई के आईटी पाठ्यक्रम को कक्षा में प्रभावी ढंग से लागू करने की जानकारी दी। उन्होंने योग्यता आधारित पाठ योजना, परियोजना आधारित शिक्षण, कक्षा अभ्यास और मूल्यांकन की रणनीतियों पर व्यावहारिक जानकारी साझा की। प्रधानाचार्या डॉ. अनुजा कौशल ने कहा कि तेजी से बदलती तकनीक के दौर में शिक्षकों का निरंतर कौशल विकास बेहद जरूरी है। उन्होंने शिक्षकों को तकनीक आधारित भविष्य के लिए विद्यार्थियों को तैयार करने की दिशा में लगातार सीखते रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शिक्षकों के बीच विचारों और अनुभवों का सार्थक आदान-प्रदान हुआ।


# बराड़ा अंधेरे के साये में!

## एक साल से ज्यादा बीता, नई स्ट्रीट लाइटें नहीं आई- खराब लाइटें भी नहीं हो रहीं ठीक

अमरिंदर सिंह

बराड़ा/यूटर्न/12 अगस्त। शहर के वार्डों में स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को लेकर नगर पालिका कीकार्यप्रणाली पर अब सवाल खड़े होने लगे हैं। एक साल से ज्यादा समय बीत जाने के बावजूद कई वार्डों में नई स्ट्रीट लाइटें नहीं लग पाई और जो लाइटें पहले से लगी हैं, उनमें से कई खराब पड़ी हैं।रात होते ही कई गलियां और रास्ते घने अंधेरे की चपेट में आ जाते हैं। ऐसे में लोगों को न केवल आने-जाने में परेशानी हो रही है,





बल्कि सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ रही है। वार्डवासियों का सवाल है कि आखिर स्ट्रीट लाइट जैसी बुनियादी सुविधा के लिए भी इतना लंबा इंतजार क्यों?

**ठेकेदार ने कहा—9 महीने से बिल पास नहीं हुआ:** जब खराब लाइटों को ठीक करवाने को लेकर ठेकेदार से बात की गई तो उसका जवाब और भी चौंकाने वाला सामने आया। ठेकेदार ने कथित तौर पर कहा कि करीब 9 महीने से उसका बिल पास नहीं हुआ है।यानी सवाल सीधे नगर पालिका की व्यवस्था पर खड़ा होता है—अगर भुगतान नहीं हुआ तो काम कैसे होगा और अगर काम नहीं होगा तो अंधेरे में कौन रहेगा?

## नगर पालिका सचिव बोले—भुगतान कर दिया गया है

वहीं, इस मामले में नगर पालिका सचिव मोहित सैनी का कहना है कि ठेकेदार के बिजली संबंधी बिलों का भुगतान किया जा चुका है और ठेकेदार को वार्डों में खराब स्ट्रीट लाइटें जल्द ठीक करने के निर्देश दे दिए गए हैं।अब दोनों बयानों के बीच असली सवाल यही है—जब नगर पालिका कह रही है कि भुगतान हो चुका है, तो फिर वार्डों की लाइटें अभी तक अंधेरे में क्यों हैं?जनता पूछ रही—कब खत्म होगा अंधेरा?वार्डवासियों का कहना है कि नगर पालिका और ठेकेदार के बीच भुगतान व काम को लेकर जो भी मामला है, उसका खामियाजा आम जनता क्यों भुगते?जनता को बिल पास होने की कहानी नहीं, गलियों में रोशनी चाहिए।नगर पालिका प्रशासन से लोगों ने मांग की है कि खराब पड़ी सभी स्ट्रीट लाइटों को तत्काल ठीक करवाया जाए और लंबे समय से लंबित नई लाइटों को जल्द लगाया जाए।

# डेंगू: ढोलेवाल मे एंटी लार्वा टीमों ने किया सर्वे बाकी शहर बेहाल

अशोक सहगल

लुधियाना, यूटर्न 12 अगस्त। महानगर में डेंगू का प्रकोप शुरू होने के बाद स्वास्थ्य विभाग के एंटी लार्वा विंग के सहयोग से आज ढोलेवाल क्षेत्र में डेंगू जागरूकता अभियान चलाया गया जबकि मैन पावर की कमी होने के कारण शेष शहर में सर्वे और जांच का काम अधूरा रहा लोगों का कहना है कि इस तरह से डेंगू की मां हमारी फैलने के ज्यादा आसार हैं आज अभियान के दौरान टीमों ने घर-घर जाकर लोगों से सीधे संपर्क किया और उन्हें डेंगू के कारणों, लक्षणों, बचाव एवं उपचार के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। लोगों को एडीज मच्छर के प्रजनन स्थलों के बारे में जागरूक करते हुए अपने



घरों और आसपास कूलरों, पानी के बर्तनों, टायरों, गमलों तथा अन्य स्थानों पर पानी जमा न होने देने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यकारी सिविल सर्जन लुधियाना डॉ. हरिंदर सूद ने कहा कि डेंगू की रोकथाम के लिए समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी बेहद जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने घरों और आसपास पानी जमा न होने दें तथा डेंगू से बचाव के लिए पूरी तरह सतर्क रहें। उन्होंने कहा कि मच्छरों के प्रजनन स्थलों की समय पर पहचान कर उन्हें समाप्त करने से डेंगू के फैलाव के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

उन्होंने कहा, 'जागरूकता डेंगू के खिलाफ हमारी पहली ढाल है। घर-घर जाकर लोगों से संपर्क के माध्यम से हम प्रत्येक परिवार को डेंगू रोकथाम अभियान का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। पानी के बर्तनों और कूलरों की नियमित सफाई करना, जमा पानी को हटाना तथा आसपास स्वच्छता बनाए रखना ऐसे सरल कदम हैं, जो डेंगू की रोकथाम में बड़ा योगदान दे सकते हैं।' इसके साथ ही लोगों को प्रत्येक सप्ताह 'हर शुक्रवार डेंगू पर वार' अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। इसके तहत कूलरों और पानी के बर्तनों को खाली करके अच्छी तरह साफ करने की सलाह दी गई।

# शादी के लिए न मानने पर शिवसेना नेता के बेटे ने की युवती की हत्या, दीवार में मारा था सिर

## गेस्ट हाउस में लड़की की लाश मिलने का मामला

जालंधर/यूटर्न/12 अगस्त। जालंधर के रॉयल गेस्ट हाउस होटल में मिली युवती की लाश मिलने के मामले में नए खुलासे हुए हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, युवती युवक से शादी करने की जिद कर रही थी। इसी बात से गुस्साए युवक ने उसका सिर दीवार पर पटक दिया। आरोपी पहले से शादीशुदा है। वह उसके साथ सिर्फ लिव-इन में रहना चाहता था। उसके पिता शिवसेना के नेता हैं। युवती की बहन दीपिका शर्मा ने बताया कि ज्योतिका की बेरहमी से हत्या की गई। उसकी आंखें सूजी हुई थीं और पैर मुड़े हुए थे। आरोपी विशु डींगरा 2 साल से बहन के पीछे पड़ा था। वह डेढ़ लाख रुपए ठग चुका था। ज्योतिका शर्मा का सोमवार सुबह जालंधर सिटी रेलवे स्टेशन के पास रॉयल गेस्ट हाउस में शव मिला था। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने हत्या का केस दर्ज करके आरोपी विशु डींगरा को मंगलवार को होशियारपुर से गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को सिविल अस्पताल में युवती की लाश का पोस्टमॉर्टम हुआ।



### बड़ी बहन ने दी मुखाग्नि

जालंधर के किशनपुरा स्थित श्मशान घाट में उसका अंतिम संस्कार किया गया। माता-पिता के निधन के बाद परिवार में अकेली बची बड़ी बहन दीपिका ने छोटी बहन ज्योतिका की चिता को मुखाग्नि दी। मृतका ज्योतिका शर्मा मूल रूप से लुधियाना के टिब्बा रोड की रहने वाली थी। ज्योतिका अपनी बड़ी बहन दीपिका के साथ उसके ससुराल फरीदाबाद (हरियाणा) में रह रही थी। लेकिन परिवार में विवाद के बाद वे फिल्लौर में मौसी घर आ गई। यहां भी झगड़ा होने पर वे जालंधर गई और वहां आरोपी उसे मिला। जिसके बाद वारदात हुई।

# प्लेबैक सिंगिंग की ओर पटियाला की इंदर प्रीत कौर का बड़ा कदम

## ऑल इंडिया सिलेक्शन के बाद मुंबई में रिकॉर्ड किया नया गीत, 14 अगस्त को होगा रिलीज

पटियाला/यूटर्न/12 अगस्त। उभरती गायिका इंदर प्रीत कौर ने प्लेबैक सिंगिंग के क्षेत्र में अपने करियर की ओर महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। DMI Music Channel द्वारा आयोजित ऑल इंडिया



सिलेक्शन प्रक्रिया में चयन के बाद उन्हें मुंबई में अपना नया गीत रिकॉर्ड करने का अवसर मिला। इंदर प्रीत कौर का यह नया गीत 14 अगस्त 2026 को रिलीज होगा। इसे Facebook, Instagram, JioSaavn, Spotify और YouTube समेत विभिन्न प्रमुख डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर सुना जा सकेगा। मुंबई में गीत की रिकॉर्डिंग को अपने संगीत सफर का यादगार पड़ाव बताते हुए इंदर प्रीत कौर ने कहा कि यह अनुभव उनके लिए किसी सपने के सच होने जैसा रहा। उन्होंने अपनी प्रतिभा को पहचानने और मंच प्रदान करने के लिए DMI Music Channel और इससे जुड़े सभी लोगों का आभार जताया। इंदर प्रीत ने कहा कि इस अवसर ने उनका आत्मविश्वास बढ़ाया है और प्लेबैक सिंगिंग में आगे बढ़ने के उनके संकल्प को नई ऊर्जा दी है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार के साथ-साथ पटियाला के संगीत प्रेमियों में भी खुशी है। अब प्रशंसकों को 14 अगस्त का इंतजार है, जब उनका नया गीत श्रोताओं के लिए उपलब्ध होगा।

# अनुष्का शर्मा की फिटनेस और खूबसूरती ने फिर खींचा ध्यान



बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा अपने फिटनेस रूटीन और नेचुरल लुक को लेकर अक्सर चर्चा में रहती हैं। उनकी टोंड फिजीक और कॉन्फिडेंट अंदाज फैंस को खासा प्रभावित करता है। योग, नियमित वर्कआउट और संतुलित जीवनशैली को उनकी फिटनेस का अहम हिस्सा माना जाता है। ग्लैमरस लुक हो या सिंपल स्टाइल, अनुष्का अपने एलिगेंट अंदाज से अलग पहचान बनाती हैं। फिटनेस और सादगी का यह कॉम्बिनेशन उन्हें बॉलीवुड की चर्चित फिटनेस आइकन्स में शामिल करता है।

# कुलविंदर सिंह काला ने संभाला मार्केट कमेटी जगरांव के चेयरमैन का पद

## आढ़तियों की समस्याओं के समाधान का दिया भरोसा, 10 दिन मैं रुक काम पूरे करने का दवा

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/12/अगस्त। मार्केट कमेटी जगरांव के नवनियुक्त चेयरमैन कुलविंदर सिंह काला ने औपचारिक रूप से अपना कामकाज संभाल लिया है। इस खास अवसर पर आढ़ती एसोसिएशन द्वारा लुधियाना-फिरोजपुर रोड स्थित एक होटल में उनका भव्य सम्मान किया गया, जहां एसोसिएशन के प्रधान और अन्य सदस्यों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। सम्मान समारोह के बाद हल्का विधायक बीबी सरबजीत कौर मानूके की अगुवाई में मार्केट कमेटी कार्यालय में एक उच्च-स्तरीय बैठक हुई, जिसमें आढ़तियों की पुरानी और गंभीर समस्याओं पर खुलकर मंथन किया गया। बैठक के दौरान आढ़तियों ने मंडी की बदहाल सड़कें, चोक सीवरेज, आवारा पशुओं का आतंक और चोरियों की बढ़ती घटनाओं जैसे अहम मुद्दे उठाए। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए विधायक मानूके ने मौके पर मौजूद जेई परमिंदर सिंह को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अगले 10 दिनों के भीतर सड़कों की मरम्मत का काम शुरू हो जाएगा और मशीन के जरिए सीवरेज की सफाई करवाई जाएगी। आवारा पशुओं की समस्या से निपटने के लिए गौ सेवक नवीन गोयल से चर्चा कर इन्हें जल्द श्री कृष्णा गौशाला भेजने का निर्णय लिया गया।



# झारखण्ड के जामताड़ा से पकड़ा गया एडानी गैस बिल साइबर फ्रॉड का आरोपी, 10 मोबाइल बरामद

चंडीगढ़/यूटर्न/12 अगस्त। एडानी गैस का बिल बकाया होने और कनेक्शन कटने का डर दिखाकर लोगों से साइबर ठगी करने वाले गिरोह के खिलाफ चंडीगढ़ साइबर क्राइम पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने इस मामले में झारखंड के जामताड़ा जिले से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान 23 वर्षीय बिमल कुमार मंडल उर्फ विदुर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से 10 मोबाइल



फोन बरामद किए हैं। जांच में इन मोबाइल फोन से एडानी गैस ग्राहकों का डेटा और कथित तौर पर इस्तेमाल की जाने वाली APK फाइलें मिलने की बात सामने आई है।

**व्हाट्सऐप पर भेजते थे मैसेज, गैस कनेक्शन कटने का दिखाते थे डर...** पुलिस के मुताबिक, आरोपी और उसके साथी एडानी गैस ग्राहकों को व्हाट्सऐप कॉल और मैसेज के जरिए संपर्क करते थे।

यूटर्न टाइम

# बेटे ने पिता-पत्नी का कर डाला मर्डर, अवैध संबंध का था शक, खून से लथपथ लाशें मिलीं

पंजाब/यूटर्न/12 अगस्त। जालंधर के अवतार नगर में बेटे ने अपने ही पिता और पत्नी का कत्ल कर दिया। पुलिस जांच अनुसार हमलावर ने वारदात के लिए बैट, लोहे का जग और चाकू का इस्तेमाल किया। सूत्रों के अनुसार बेटे को शक था कि उसकी पत्नी और पिता के बीच अवैध संबंध है। जिसके चलते उसने वारदात की। मृतकों की पहचान अयोध्या प्रकाश (65) और सरिता (38) के रुप में हुई है।

जबकि आरोपी की पहचान हीरा लाल (42) के रूप में हुई है। मामले की सूचना मिलने पर थाना भार्गव कैंप की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने लाशें कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी हैं। आरोपी अभी फरार है। जिसकी तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार आरोपी हीरा लाल शादीशुदा था और उसके चार बच्चे हैं। उनकी उम्र 10 से 15 साल के बीच है। वारदात के समय उसके बच्चे स्कूल गए हुए थे। वहीं यह भी कहा जा रहा है कि हीरा लाल नशा भी करता था। सूत्रों के अनुसार हीरा लाल को शक था कि उसकी पत्नी सरिता और पिता प्रकाश के बीच अवैध संबंध है। जिसके चलते पहले भी कई बार झगड़ा हुआ था। इसी शक के कारण वे ज्यादा समय घर पर रहता था। बुधवार को भी इसी बात को लेकर विवाद हुआ और उसने दोनों की हत्या कर दी।





आरोपी हीरा लाल

### बच्चों ने देखी लाशें तो हुआ खुलासा

दोपहर 3 बजे बच्चे स्कूल से घर लौटे। उन्होंने घर के अंदर मां-दादा की खून से लथपथ लाशें देखकर शोर मचाया। इसके बाद आसपास के लोगों को घटना की जानकारी हुई और पुलिस को सूचना दी गई। शुरूआती जांच में सामने आया है कि आरोपी ने घर में मौजूद क्रिकेट बैट और जग से दोनों पर कई वार किए। सिर, गले और शरीर के अन्य हिस्सों पर चोट के निशान मिले हैं। घटना के समय आरोपी की बुजुर्ग मां ऊपर के कमरे में थीं। चलने-फिरने में असमर्थ होने के कारण वह नीचे नहीं आई और सुरक्षित मिलीं।

### आरोपी पकड़ने को बनाई टीमें

वारदात के बाद एडीसीपी-2 राकेश यादव, एसीपी आतिश भाटिया और एसएचओ जयइंद्र सिंह मौके पर पहुंचे। राकेश यादव ने बताया कि घटना के बाद से आरोपी फरार है। उसे पकड़ने ने लिए टीमें बना दी गई हैं। जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा। सीसीटीवी और टेक्निकल तरीके से भी पुलिस आरोपी के पीछे लगी है।

# जब तक फ्रीहोल्ड न हो तब तक पहले की तरह सदर क्षेत्र की रजिस्ट्रियां शुरू हों:ओंकार सिंह

अंबाला/यूटर्न/12 अगस्त। इंडियन नेशनल लोकदल के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार सिंह ने अंबाला छावनी के सदर क्षेत्र को फ्री होल्ड करने के नाम पर कलेक्टर रेट के अनुसार भारी-भरकम राशि वसूलने की किसी भी संभावित योजना का विरोध करते हुए कहा कि सरकार को जनता को राहत देने वाली नीति बनानी चाहिए, न कि जनता को आर्थिक बोझ तले दबाने वाली। अंबाला छावनी के सदर क्षेत्र के हजारों परिवार दशकों से सरकार से नीलामी अथवा अन्य वैधानिक प्रक्रियाओं के माध्यम से भूमि एवं संपत्तियां लेकर रह रहे हैं। देश की आजादी के बाद से ही ये लोग अपनी संपत्तियों पर नियमित रूप से प्रॉपर्टी टैक्स, हाउस टैक्स, रजिस्ट्री शुल्क एवं स्टांप ड्यूटी का भुगतान करते आ रहे हैं। कई परिवारों को इन संपत्तियों में रहते हुए 100 वर्ष से भी अधिक समय हो चुका है। ऐसे लोगों से आज अगर कलेक्टर रेट के अनुसार भारी राशि वसूल करने की बात की जाती है तो यह पूरी तरह से अन्यायपूर्ण और जनविरोधी कदम होगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2000 में तत्कालीन मुख्यमंत्री चौधरी ओमप्रकाश चौटाला के नेतृत्व वाली इनेलो सरकार ने अंबाला छावनी की 13 कॉलोनियों के निवासियों को मात्र 140 रुपये प्रति वर्ग गज की दर से मालिकाना हक देकर लाखों लोगों को राहत प्रदान की थी। उस समय सरकार ने जनता की आर्थिक स्थिति को समझते हुए जनहित में ऐतिहासिक निर्णय लिया था। ओंकार सिंह ने कहा कि एक तरफ हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री स्वामित्व योजना के तहत किरायेदारों और कब्जाधारियों को मालिकाना हक दे रही है तथा कलेक्टर रेट में 50 प्रतिशत तक की छूट प्रदान कर रही है।



# जगरांव सिविल अस्पताल में नशा मुक्ति सेवाओं को मिला नया बल

## रिहैबिलिटेशन सेंटर में नए जिम का उद्घाटन, विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती, आधुनिक सुविधाओं से मरीजों की स्वास्थ्य सेवाओं में हुआ अहम सुधार

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/12/अगस्त। पंजाब सरकार के नशा मुक्ति अभियान को और अधिक प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से सिविल अस्पताल जगरांव के अधीन झाँसी रानी चौक के निकट स्थित रिहैबिलिटेशन (नशा छुड़ाऊ) सेंटर में एक नए जिम का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर सेंटर में नई ट्रेडमिल और अन्य आधुनिक कसरत मशीनें स्थापित की गई, ताकि इलाज अधीन मरीजों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को और बेहतर बनाया जा सके। इस संबंध में जानकारी देते हुए सिविल अस्पताल जगरांव के सीनियर मेडिकल ऑफिसर (एसएमओ) डॉ. अमन शर्मा ने बताया कि सरकार द्वारा नशा छोड़ने के इच्छुक युवाओं को हर संभव सुविधा मुहैया करवाई जा रही है।



# खाद्य पदार्थों में मिलावट की खबरों पर सरकार गंभीरता से ले संज्ञान : हिंद संग्राम परिषद्

पंचकूला/चंडीगढ़। हिंद संग्राम परिषद् रजि. ट्राईसिटी ने खाद्य पदार्थों में कथित मिलावट से संबंधित सामने आ रही खबरों पर चिंता व्यक्त की है। परिषद् ने सरकार और संबंधित विभागों से मांग की कि यदि कहीं मिलावट की शिकायतें मिलती हैं तो उनकी नियमानुसार गंभीरता से जांच कराई जाए, ताकि लोगों के स्वास्थ्य के साथ किसी प्रकार का खिलवाड़ न हो। परिषद् ने कहा कि खाद्य सुरक्षा से जुड़े विभागों को शिकायतों पर समयबद्ध कार्रवाई करते हुए नमूने लेकर अधिकृत प्रयोगशालाओं में वैज्ञानिक जांच करवानी चाहिए तथा रिपोर्ट यथासंभव शीघ्र प्राप्त करने की प्रक्रिया सुनिश्चित करनी चाहिए। परिषद् ने सरकार से खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और मिलावट संबंधी मामलों की निगरानी को प्रभावी बनाने तथा संबंधित विभागों को सक्रिय रूप से कार्रवाई करने का आग्रह किया। परिषद् ने स्पष्ट किया कि उसका उद्देश्य किसी व्यक्ति या प्रतिष्ठान पर आरोप लगाना नहीं, बल्कि खाद्य सुरक्षा से जुड़े मामलों में कानून के दायरे में निष्पक्ष जांच और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करना है।

# सहज क्लब ने पारस होटल में करवाया आयोजन, परमिंदर कौर व टीम ने संभाली व्यवस्था

डेराबस्सी/यूटर्न/12 अगस्त। डेराबस्सी स्थित पारस होटल में सहज क्लब की ओर से तीज मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रबंध परमिंदर कौर और उनकी टीम ने किया। पंजाब वाटर सप्लाई एंड सीवरेज बोर्ड के वाइस चेयरमैन एवं आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता सुभाष शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर महिलाओं को तीज की बधाई दी। सुभाष शर्मा ने कहा कि तीज जैसे पारंपरिक त्योहार पंजाब की समृद्ध संस्कृति और विरासत से जुड़े हुए हैं। ऐसे त्योहारों को सभी को मिल-जुलकर मनाना चाहिए, क्योंकि इससे समाज में आपसी भाईचारे और एकता का संदेश जाता है। उन्होंने कार्यक्रम के



सफल आयोजन के लिए परमिंदर कौर और उनकी पूरी टीम की सराहना की। इस दौरान शर्मा ने पंजाब सरकार की नीतियों का जिक्र करते हुए दावा किया कि त्योहारों के अवसर पर महिलाओं के खातों में तीन-तीन हजार रुपये डालकर सरकार ने उन्हें बड़ा तोहफा दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं तैयार कर रही है और आने वाले समय में भी जनहित से जुड़े कदम उठाए जाएंगे। कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी की संयुक्त सचिव स्वीटी शर्मा, हरजिंदर सिंह भुड्डा, अमृतपाल सिंह जीरकपुर, स्वर्ण सिंह टिवाणा, सोनू लालडू, बलविंदर सिंह आलमगीर और गुरसेवक सिंह तसिंबली सहित अन्य पार्टी नेता व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार। Contact - +91 9814295372